# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## खाड़ी में बना सकुर्लेशन, कल लो प्रेशर एरिया में बदलेगा, दो दिन बाद फिर तेज बारिश

# ग्वालियर में दो मंजिला मकान ढहा, 1 की मौत भोपाल और ग्वालियर में रुक-रुककर बारिश

### प्रदेश में अब तक सामान्य से 24 फीसदी अधिक वर्षा, भोपाल में 18 मिमी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश भर में अभी बारिश का दौर जारी है। सोमवार को बंगाल की खाड़ी में सकुर्लेशन बना है, जो बुधवार को लो प्रेशर एरिया में बदल जाएगा। इससे दो दिन बाद प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर चल सकता है। सोमवार को कई जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। इससे पहले जारी बारिश से कई नदियों में उफान है, जिससे सामान्य स्थिति बिगड़ गई है। सोमवार को भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सागर, सतना, धार समेत 15 से अधिक जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल में दोपहर बाद करीब आधे घंटा तक पानी बरसा। ग्वालियर में तो सोमवार को स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। ग्वालियर में 60 साल पुराना दो मंजिला मकान ढह गया। इसके मलबे में दो लोग दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। घटना रंगियाना मोहल्ला में सोमवार दोपहर की है। मकान में नीचे टीकमगढ़ का एक परिवार किराए से रहता है। घटना के समय नीचे की मंजिल पर एक 17 साल की लड़की, उसका 16 साल का भाई निक्की और उसके पिता थे। दूसरी मंजिल पर एक मजदूर काम कर रहा था। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मलबे में दबे हुए लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया।



### ग्वालियर में सोमवार को स्कूलों में छुट्टी रही

नीलबड़ चौराहा, शाम 4 :30 बजे झमाझम

#### आज यहां भारी बारिश का अलर्ट

आलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सिवनी, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, आदि जिलों में मध्यम बारिश हो सकती है।



#### प्रदेश में औसतन कुल 902.6 मिमी बारिश

*प्रदेश में सोमवार तक औसत से 24 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मप्र में सामान्य से 26 और पश्चिमी मप्र में 23 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज हुई है। प्रदेश में औसतन कुल 902.6 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य तौर पर 727.1 मिमी है। भोपाल में कुल 811.8 मिमी हुई, जो नॉर्मल से 18 मिमी कम है।*









### फिच ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को 'बीबीबी' पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' पर बरकरार रखा और कहा कि वृद्धि दर में मजबूती और राजकोषीय विश्वसनीयता में सुधार से संरचनात्मक मानकों में सुधार आएगा। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग को उसके मजबूत विकास और ठोस बाहरी वित्त का समर्थन प्राप्त है। फिच ने मार्च 2026 (वित्त वर्ष 26) में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 25 से अपरिवर्तित है, और 2.5% के 'बीबीबी' औसत से काफी ऊपर है। बीबीबी' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। फिच ने कहा कि यदि जीएसटी सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा।



केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया वर्चुअली लोकार्पण

# श्योपुर और सिंगरौली में नए मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ

### प्रदेश में 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे, आज हैं 32



*◆ नड्डा ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केंद्र सरकार की ओर से लेटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र के श्योपुर व सिंगरौली जिले में दो नए मेडिकल कॉलेज सोमवार से खुल गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअली शुभारंभ किया। नड्डा ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केंद्र सरकार की ओर से लेटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया।

उन्होंने कहा कि लेटर ऑफ परमिशन के जरिए इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन और प्रवेश की प्रक्रिया भी सोमवार से ही शुरू कर दी गई है। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार में भारत ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। दिल्ली से स्वास्थ्य सुधार के लिए तैयार की गई योजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व तरीके से अमली जामा पहनाया जा रहा है। मप्र का प्रदर्शन देश के दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार, विस्तार और नवाचार में मप्र नेतृत्व कर रहा है। नड्डा सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में पीपीपी मॉडल से बनेंगे नए मेडिकल कॉलेज

पात्र हितग्राहियों को मिली 8 लाख वय वंदना कार्ड की सौगात

#### मप्र के प्रदर्शन की तारीफ

**नड्डा ने कहा- मप्र का प्रदर्शन देश के दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन रहा**

**स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार, विस्तार और नवाचार में मप्र नेतृत्व कर रहा**

#### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

### बीमारी का इलाज और बीमार की मदद की व्यवस्था कर रही है राज्य सरकार

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में बीमारी का इलाज और बीमार की मदद की व्यवस्था हमारी सरकार भी कर रही है। सिर्फ इलाज ही नहीं बीमारियों के शोध कार्यों को भी हम प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 में मप्र में केवल 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, वर्तमान में प्रदेश में 17 सरकारी और 13 निजी मेडिकल कॉलेज के साथ सोमवार को लोकार्पित होने वाले दो नए गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज के साथ अब 32 मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है।*

#### 4 जिलों में मेडिकल कॉलेजों के लिए अनुबंध पत्रों का आदान-प्रदान

इस दौरान बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित होने वाले नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए संबंधित निवेशक समूहों के साथ अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान भी किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 8 लाख पात्र वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के वितरण कार्य का शुभारंभ करते हुए मंच से 5 वरिष्ठ लोगों को वय वंदना के पीवीसी कार्ड का वितरण किया। साथ ही रिमोट का बटन दबाकर 'आयुष्मान सखी' स्मार्ट चैटबॉट और आशा संवाद कार्यक्रम की शुरुआत भी की। मातृ-गर्भावस्था आहार प्रचार सामग्री एवं मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का विमोचन भी किया गया।


मप्र के विधायकों की आय बढ़ेगी

# विधायकों की सैलरी में हो सकती है 45% की वृद्धि

- *पेंशन में भी होगा बंपर इजाफा*
- *1.60 लाख तक पहुंच सकती है सैलरी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की आय एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। विधानसभा में विधायकों की सैलरी और पेंशन बढ़ाने को लेकर प्रस्ताव तैयार हो चुका है और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज है। अगर प्रस्ताव पास होता है, तो मप्र के विधायकों की सैलरी राजस्थान से भी ज्यादा हो जाएगी।



#### विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री की भूमिका अहम

इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा कर रहे हैं। इस समिति में भाजपा और कांग्रेस के एक-एक वरिष्ठ विधायक को भी शामिल किया जाएगा। जल्द ही उनके नामों की घोषणा सरकार की ओर से की जाएगी। हाल ही में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भी यह मुद्दा जोर-शोर से उठा।

देश भर में कम होगा करों का बोझ

# नवरात्रि के पहले दिन से ही लागू हो सकती हैं जीएसटी की नई दरें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) परिषद 22 सितंबर तक नए जीएसटी कर स्लैब लागू कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाने की घोषणा की थी, जिससे देश भर में टैक्स का बोझ कम होगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि नए जीएसटी दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के त्योहारों के साथ लागू होने की संभावना है। पीएम मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफा होगा।




28 सितंबर से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संभव

# रेस में आया शिवराज सिंह का नाम, संघ प्रमुख भागवत से 45 मिनट की बातचीत

### इस मुलाकात को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और आरएसएस के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की हाल ही में मुलाकात हुई। अब इस मुलाकात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। साथ ही इसी के बाद भाजपा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की रेस में शिवराज सिंह चौहान का नाम तेज हो गया है।

शिवराज सिंह चौहान की लगभग 2 साल बाद डॉ. मोहन भागवत से मुलाकात हुई। दरअसल, सितंबर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव को संपन्न कराने की कोशिश की जा रही है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के तुरंत बाद ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। 28 सितंबर से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को पूरा करने की कोशिश की जा रही है।



फाइल फोटो

#### दिल्ली के केशव कुंज में हुई मुलाकात

ये बैठक दिल्ली के झंडेवालान स्थित संघ कार्यालय केशवकुंज में हुई। शिवराज की संघ प्रमुख के साथ करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई। इस बैठक के बाद शिवराज सिंह चौहान सीधे दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए निकल गए। सरसंघचालक डॉ. भागवत के साथ बैठक में आने से पहले शिवराज सिंह चौहान गायत्री परिवार के एक कार्यक्रम में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में मौजूद थे।

***खुलते 'राज'...कमलनाथ सरकार से क्यों नाराज थे 'महाराज' टूटा क्यों था साथ... आमने-सामने आए दिग्विजय-कमलनाथ***

# दिग्विजय ने कहा-सिंधिया के साथ काम करने के फॉर्मूले का पालन नहीं हुआ, नाथ बोले-सिंधिया को लगता था कि दिग्विजय सरकार चला रहे

दोनों एक दूसरे पर सरकार गिरने का ठीकरा फोड़ रहे दोनों मानने को तैयार नहीं कि उनके कारण सरकार गिरी

विवाद पर जीतू पटवारी बोले-उनकी अपनी केमिस्ट्री, पुरानी बातों का अब कोई औचित्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कमलनाथ सरकार के गिरने के पीछे के राज अब खुलकर सामने आ रहे हैं। अब इस मामले में दिग्विजय सिंह व कमलनाथ आमने-सामने आ गए हैं। दोनों एक दूसरे पर सरकार गिरने का ठीकरा फोड़ रहे हैं। दोनों मानने को तैयार नहीं हैं कि उनके कारण सरकार गिरी।

इसलिए, दोनों ज्योतिरादित्य सिंधिया को बीच में लाकर अपनी जिम्मेदारी को मानने को तैयार नहीं हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सरकार गिरने के पीछे कमलनाथ और सिंधिया के बीच मतभेदों का कारण बताया था। उन्होने मीडिया को दिए गए बयान में भी कहा था कि कमलनाथ और सिंधिया के बीच काम करने के तरीके को लेकर जो फॉर्मूला तय हुआ था, उसका पालन नहीं हुआ, इसके चलते ही सरकार गिरी।

#### पटवारी बोले-दोनों छोटे भाई-बड़े भाई

इन बयानों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी बयान दिया है। उन्होने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की अपनी केमिस्ट्री है। दोनों छोटे भाई-बड़े भाई है। अब पुरानी बातों पर चर्चा करने का औचित्य नहीं है। हमें अब भविष्य देखना है कि हमारी सरकार कैसे बने।



#### नाथ ने कहा था- तो सड़क पर उतर जाओ

दरअसल, सरकार गिरने की कहानी सड़क पर उतरने की लड़ाई से शुरू हुई। सिंधिया ने कहा कि घोषणा पत्र लागू न हुआ तो वे सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आएंगे। इस पर कमलनाथ ने कहा- तो, उतर जाओ। मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के चलते कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी।

नरोत्तम ने पूछा

#### नाथ बता दें कि क्या दिग्विजय ने भ्रष्टाचारी फैसले करवाए?

पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जब आप सच की राह पर चल ही दिए हैं तो लगे हाथ यह भी बता दें कि डेढ़ साल की सरकार में सुपर सीएम दिग्विजय सिंह ने आपसे भ्रष्टाचारी फैसले करवाए क्या? नहीं तो जनता यह मान लेगी कि आप दोनों एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़कर सबको गुमराह कर रहे हैं। असलियत यही है कि आप दोनों के सच ने बता दिया है कि कांग्रेस की नाव जो डूबी उसे कप्तान ने ही छेदकर डुबाया था। खुद कमलनाथ के मंत्री उमंग सिंगार ने भी उस वक्त यही बात कही थी, लेकिन कमलनाथ ने आंखों पर दिग्विजय की बांधी पट्टी उतारने की बजाए चुप्पी साध ली।

## खबर संक्षेप

### जालंधर में फैक्ट्री से गैस लीक, 30 लोग फंसे!



**जालंधर।** यहां के सर्जिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार को एक फैक्ट्री से अमोनिया गैस लीक हो गई। गैस के लीकेज के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग फंस गए। रेस्क्यू टीम को अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए प्लांट की एक दीवार तोड़नी पड़ी। सीढ़ियों और क्रेनों नीचे उतारा गया। इसमें 30 लोगों के फंसने की आशंका है।

### पेट्रोल पंप पर युवक को आया हार्ट अटैक, मौत



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एक पेट्रोल पंप पर बाइक सवार युवक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह घटना ललितपुर के मड़ावरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सौजना रोड पर हुई हुई है।

### 12वीं की छात्रा की हत्या घर में मारी गोली



**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के कृष्णानगर में सोमवार को 12वीं कक्षा की एक छात्रा की उसके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान ईशा मल्लिक के रूप में हुई है, उम्र 18 वर्ष थी। छात्रा मानिकपाड़ा इलाके की रहने वाली थी।

## पीएम मोदी के अहमदाबाद दौरे को लेकर लोगों में दिखा भारी उत्साह

# 5400 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात टैरिफ से नहीं डरेगा देश, और मजबूत होगा

अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया, लोगों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाएं सिंदूर लेकर खड़ी थीं



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी गुजरात दौरे की शुरुआत सोमवार देर शाम से किया। इस दौरान वे 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। दौरे की शुरुआत अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया। वहीं पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों, समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। खासतौर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी निकोल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। महिलाओं का उत्साह इसलिए भी खास है क्योंकि वे अपने साथ 'सिंदूर' की डिब्बियां लेकर पहुंच रही हैं। यह उनके प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास और समर्थन का प्रतीक माना जा रहा है। खासकर 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसमें भारतीय सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया था, महिलाएं मोदी के निर्णायक नेतृत्व को सुरक्षा और संरक्षण का प्रतीक मान रही हैं।

### ढोल- ढमाकों के साथ लगे मोदी-मोदी के नारे

**अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़े लोग**



सिंदूर की डिब्बी लेकर महिलाएं कार्यक्रम में रहीं मौजूद

अहमदाबाद की सड़कों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो देखते ही बन रहा। पूरे मार्ग पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है और माहौल जनसैलाब में बदल चुका है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग झंडे और बैनर लेकर घंटों खड़े हैं। कई जगहों पर रंगोली, फूलों की बारिश और ढोल-नगाड़ों से उनका स्वागत किया जा रहा है। लोगों में उत्साह इतना है कि सड़क के दोनों ओर जगह-जगह मोदी-मोदी के नारे गूंजे।

### लोगों में दिखा जोश

स्थानीय निवासी हेली शास्त्री ने कहा कि आम लोग प्रधानमंत्री के अहमदाबाद दौरे को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। माहौल किसी त्योहार से कम नहीं है और शहर को भव्य स्वागत के लिए सजाया गया है। कैलाश बेन ने कहा कि माताओं और बहनों के सिंदूर की रक्षा करने वाले नेता बने हैं।

### मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों, पशुपालकों का कभी अहित नहीं होने देगी

पीएण ने कहा, आज दुनिया में सभी आर्थिक स्वार्थ वाली राजनीति, सब कोई अपना करने में लगा है उसे हम भलिभांति देख रहे हैं। अहमदाबाद की इस धरती से, मैं अपने लघु उद्यमियों, छोटे दुकानदारों, किसानों, पशुपालकों से कहूंगा, मैं गांधी की धरती से बोल रहा हूं, मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, पशुपालक हों, मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मैं किसी का अहित नहीं होने दूंगा।

**आज अहमदाबाद अब स्वच्छता और सुरक्षा के मामले में नंबर एक**

उन्होंने राहुल गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन इशारों में बड़ा तंज कसा। पीएम मोदी ने अहमदाबाद में कहा कि गुजरात दो मोहन की धरती है। पहले द्वारकाधीश और दूसरे साबरमती के संत महात्मा गांधी। आज यह स्वच्छता में अव्वल है।

### खुशियों का दोहरा बोनस मिलेगा, ट्रंप पर कसा तंज

इस मौके पर पीएम मोदी ने इशारों इशारों में ट्रंप टैरिफ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया में आजकल स्वार्थनीति चल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार जीएसटी रिफॉर्म कर रही है और दिवाली से पहले आपको बड़ी भेंट मिलेगी। जीएसटी रिफॉर्म के कारण हमारे लघु उद्योगों को बहुत मदद मिलेगी और बहुत सी चीजों पर टैक्स कम हो जाएगा। इस दिवाली, चाहे वह व्यापारिक वर्ग हो या हमारे परिवार के बाकी सदस्य, सभी को खुशियों का दोहरा बोनस मिलने वाला है।

### पीएम मोदी के गुजरात दौरे से पहले कांग्रेस के कई नेता 'नजरबंद'

कड़ी सुरक्षा

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुएअहमदाबाद सिटी पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। हालांकि, ऐसी आशंका है कि विपक्षी कांग्रेस वोट चोरी के मुद्दे पर रोड शो और जनसभा में विरोध प्रदर्शन कर सकती है। कई नेताओं को नजरबंद कर दिया था।

## उत्तर प्रदेश के सीईओ ने मांगी सभी शपथपत्र की मूल प्रतियां

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समाजवादी पार्टी द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए 18 हजार एफिडेविट को लेकर सोशल साइट एक्स पर दो ट्वीट किए। एक्स पर दिए गए अपने बयान में सीईओ ने सपा से शपथपत्रों की मूलप्रतियों की मांग की है जिससे कि तेजी से जांच की जा सके। पहले किए गए ट्वीट में ये भी कहा था कि एक भी शपथपत्र की मूल प्रति नहीं मिली है। सीईओ ने एक्स परकहा कि जैसे की विगत ट्वीट में अवगत कराया गया है कि 18000 व्यक्तियों के शपथ पत्रों के स्थान पर अभी तक केवल 3919 शपथ पत्रों की स्कैंड कापी ही ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। संभव हैं की ईमेल भेजते समय आपका कार्यालय 18000 के स्थान पर त्रुटिवश केवल 3919 शपथ पत्रों की स्कैंड कापी को ही विभिन्न अटैच्ड फोल्डर में सेव कर पाया हो। इनकी मूल प्रतियां सुविधानुसार संबंधित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करें।

## पूनावाला ने विपक्ष पर साधा निशाना

# पहले किया वर्क फ्रॉम होम अब वे करेंगे वर्क फ्रॉम जेल

एसआईआर और संविधान संशोधन पर किया हमला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजनीति में इन दिनों दो मुद्दे सुर्खियों में हैं। एक है एसआईआर का मुद्दा, तो दूसरा 130वें संविधान संशोधन विधेयक का है। इस मामले पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में खुलकर बात की। उन्होंने इस मामले पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कोविड में वर्क फ्रॉम होम किया गया, तो अब ये वर्क फ्रॉम जेल का सिस्टम चाहते हैं। इस मामले में उन्होंने कई सवाल उठाए। साथ ही सुरक्षा को लेकर कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जेल के अंदर गोपनीय फाइलें जाएंगी जो सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

### जेल से सरकार चलाना प्रैक्टिकली संभव नहीं

पूनावाला ने कहा कि महामारी के दौरान जिस तरह से घर से काम किया गया, अब विपक्ष चाहता है कि जेल से काम हो। कैबिनेट की मीटिंग्स भी जेल के अंदर हुआ करेंगी। उन्होंने कहा कि ये किसी भी तरह से प्रैक्टिकल नहीं है। बाढ़ या जंग की स्थिति आती है, तो कैसे कोई फैसला लिया जाएगा। क्या जेल के अंदर से ये सब किया जाएगा? पूनावाला ने कहा कि कल्पना करें कुछ ऐसी फाइल्स होती हैं, जिनमें देश की सुरक्षा से जुड़ी चीजें होती हैं, वो फासला कहां होगा।

### जनसुनवाई के लिए अलग से होगा कमरा?

पूनावाला ने सवाल पूछा कि 'जन सुनवाई कहां होगी? जन सुनवाई के लिए, क्या आपके पास जेल में एक अलग कमरा होगा? यह नैतिकता पर कहीं भी खड़ा नहीं है। वैसे तो ये लोग जनता से कटे हुए हैं।

### जेल से सरकार चलाने की 'भयानक बीमारी'



टीवी चर्चा में 130वें संविधान संशोधन और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बात हुई। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'नई राजनीति' ने एक 'भयानक रोग' पैदा कर दिया है, जहां नेता जेल में रहकर भी सरकार चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इंडिया गठबंधन और कांग्रेस से स्पष्ट रूप से पूछना चाहते हैं कि भ्रष्टाचार, अपराध और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर वे क्या सोचते हैं?

## भाजपा ने चुनावी कैंपेन सॉन्ग में लालू-तेजस्वी पर साधा निशाना

**एजेंसी:पटना /नई दिल्ली।** बिहार में अगले 3 महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सितंबर में चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान भी कर सकता है। इस बीच बिहार में राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार काफी समय से शुरू हो चुका है। महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा जारी है तो वहीं एनडीए के बड़े नेता भी बिहार में चुनावी जनसभा शुरू कर चुके हैं।





जबलपुर
मंगलवार, 26 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष – 2
वर्ष : 20, अंक : 119
पृष्ठ : 14, मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरतालिका तीज की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com


फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त प्रेस वार्ता

# पीएम मोदी ने कहा- भारत और फिजी की आकांक्षाएं 'एक ही नाव' पर सवार

**पीएम ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे।

**भारत और फिजी ने 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

### राबुका 3 दिवसीय यात्रा पर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।



### रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फॉरेन फॉर इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### गाय बचाते वक्त पुलिया से टकराई कार, 2 की मौत

**रायसेन।** जयपुर-जबलपुर हाईवे पर उदयपुरा के पास सिलारी में एक कार पुलिया से टकरा गई।



हादसे में कार में सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में रवि गढ़वाल (30) सहित एक अन्य शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी गढ़वाल और सुमित गढ़वाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदौर से नरसिंहपुर एक अंत्येष्टि में शामिल होने आए थे।

### महू में पहली बार तीनों सेनाओं का रण संवाद

**इंदौर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार तीनों सेनाओं द्वारा युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक



विमर्श को लेकर राष्ट्रीय स्तर का 'रण संवाद 2025' आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 26 और 27 अगस्त को महू के सैन्य संस्थान में होगा। इस आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख शामिल होंगे।

### कूनो से भागी चीता गामिनी, किया शिकार

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर गसवानी गांव में मादा चीता गामिनी और उसके 4 शावक



घूम रहे हैं। सोमवार को इन चीतों ने गांव के पास एक गौवंश का शिकार किया। जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। चीते सड़क किनारे शिकार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार चीते पार्क से गांवों तक पहुंच चुके हैं, इस बार मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर देखे गए हैं।

---

संविधान के 130वें संशोधन बिल पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष को घेरा

# वे जेल से सरकार का विकल्प चाहते हैं, यह लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ

*शाह ने कहा कि आज भी ये कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना देंगे और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पर जारी विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस बिल का विरोध करके लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है और जनता को बताना चाहिए कि क्या कोई मुख्यमंत्री (सीएम), प्रधानमंत्री (पीएम) या मंत्री जेल से सरकार चला सकता है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि उन्हें जेल से सरकार चलाने का विकल्प मिले।

शाह ने एक इंटरव्यू में कहा कि आज भी ये कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना देंगे और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे। गृह मंत्री ने साफ कहा कि इस बिल के प्रावधान लोकतंत्र की गरिमा के लिए आवश्यक हैं।

गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध को अलोकतांत्रिक बताया



**विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है?**

**कांग्रेस दोषी सांसदों को बचाने अध्यादेश लाई थी, जिसे राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था**

### विपक्ष को इसका जवाब देना होगा

उनके मुताबिक अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री गंभीर आरोपों में गिरफ्तार होता है और 30 दिन के भीतर उसे जमानत नहीं मिलती, तो उसे पद छोड़ना होगा। उन्होंने पूछा, अगर जमानत मिल जाती है तो वे वापस शपथ लेकर पद संभाल सकते हैं, लेकिन जेल से सरकार चलाना क्या लोकतंत्र के लिए उचित है? शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इस बिल में पीएम का पद शामिल करने पर जोर दिया।

### राधाकृष्णन का चयन 2026 के तमिलनाडु चुनावों से जोड़ना गलत

शाह ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के नाम का समर्थन करते हुए कहा कि यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि राष्ट्रपति पूर्व से, प्रधानमंत्री उत्तर और पश्चिम से हैं, तो उपराष्ट्रपति दक्षिण भारत से हो। राधाकृष्णन का चयन 2026 के तमिलनाडु चुनावों से जोड़ना गलत है।

**शाह ने खुद से जुड़ा सुनाया पुराना किस्सा**

### मैंने समन मिलते ही इस्तीफा दिया

शाह ने बताया कि सोहराबुद्दीन केस में जैसे ही मुझे सीबीआई से समन मिला, मैंने अगले ही दिन इस्तीफा दिया और मुझे बाद में गिरफ्तार किया गया। यह मामला चलता रहा और फैसले में भी कहा गया कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला था और मैं पूरी तरह से बेगुनाह था। फैसला बाद में आया, लेकिन मुझे जमानत पहले मिल गई। इसके बावजूद मैंने शपथ नहीं ली। इतना ही नहीं जब तक मुझे पूरी तरह से बरी नहीं कर दिया गया, मैंने कोई संवैधानिक पद भी नहीं लिया। विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है?

### कांग्रेस ने दोहरा मानदंड अपनाया

शाह ने कहा कि कांग्रेस पर दोहरे मानदंड का आरोप लगाया। मनमोहन सरकार के समय कांग्रेस ने दोषी सांसदों को बचाने के लिए अध्यादेश लाया था, जिसे राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था। अब वही राहुल, दोषी लालू यादव के साथ मिल गए हैं।

### धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया

शाह ने सोमवार को साफ किया कि जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और विपक्ष के हाउस अरेस्ट वाले आरोप पूरी तरह गलत हैं। शाह ने कहा कि धनखड़ साहब का इस्तीफा पत्र खुद स्पष्ट है।

---

शिक्षक भर्ती घोटाले में थी तलाश

# दीवार फांदकर भाग रहे विधायक को ईडी टीम ने दौड़ाकर पकड़ा

**टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं को लेकर टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा के आवास पर छापेमारी की। ईडी अधिकारी ने बताया कि जैसे ही विधायक को छापेमारी के बारे में पता चला, उन्होंने परिसर की चारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश की।

### ईडी अधिकारियों ने तालाब से फोन बरामद किए

ईडी अधिकारी ने बताया विधायक ने सबूत मिटाने की कोशिश में अपना फोन घर के पास एक तालाब में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारियों ने तालाब से दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। दोनों फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। विधायक से पूछताछ की जा रहीहै।

---

इटारसी के आरिफ से किडनी नहीं ली, लेकिन जीता दिल

# युवक को वृंदावन बुलाकर सम्मानित करेंगे संत प्रेमानंद

**वे इस पेशकश और भावनाओं से काफी प्रभावित हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



वृंदावन के प्रसिद्ध रसिक संत प्रेमानंद महाराज को इटारसी के एक मुस्लिम युवक ने अपनी एक किडनी देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने युवक की किडनी लेने से मना कर दिया है। हालांकि वे आरिफ चिश्ती की भावनाओं से प्रभावित हुए और सराहना करते हुए उसे वृंदावन बुलाया है। आरिफ को आश्रम से फोन कर यह जानकारी दी गई है।

---

बीसीसीआई का ड्रीम-11 से करार टूटा

# तय किया आगे ऐसी किसी संस्था के साथ नहीं जुड़ेंगे

358 करोड़ रुपए का था करार




एजेंसी ▶▶ मुंबई


भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम-11 (ड्रीम 11) के बीच स्पॉन्सरशिप को लेकर हुआ 358 करोड़ रुपए का करार समय से पहले ही खत्म हो गया है। यह करार 2023 में तीन साल की अवधि के लिए हुआ था, जिसके तहत टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण ड्रीम-11 ने अनुबंध से बाहर निकलने का फैसला किया।

---

48.5 लाख नकद बरामद

# इंदौर में एक करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

आरोपी महिला पर पहले से ही अलग अलग थानों में 12 मामले दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में सोमवार को एक महिला को एक करोड़ रुपए की ब्राउन शुगर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। अपराध निवारण शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने अहिरखेड़ी इलाके में आरोपी सीमा नाथ के घर से 516 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया।

---

हाईकोर्ट ने सीआईसी पैनल के आदेश को किया खारिज

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी 'सार्वजनिक'

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से ज़्यादा अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रेजुएशन की डिग्री का विवरण पब्लिक करने के लिए बाध्य नहीं है। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयुक्त के डिग्री जारी करने के आदेश को खारिज कर दिया है। साल 2016 में, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी ) ने 1978 में बीए का एग्जाम पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड की जांच की अनुमति दी थी, और उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह एग्जाम पास किया था।

### एसजे मेहता ने दिया ये तर्क

दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीआईसी के इस आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में पहली सुनवाई के दिन रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से ज़्यादा अहम है। हालांकि, विश्वविद्यालय ने अदालत को बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री रिकॉर्ड कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने को तैयार है, लेकिन आरटीआई अधिनियम के तहत अजनबियों द्वारा जांच के लिए उन्हें पब्लिक नहीं किया जा सकता है।

---

उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे इनकी अध्यक्षता

तीनों महापुरुषों के योगदान को याद करेगा कृतज्ञ राष्ट्र

# राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी सरदार पटेल, मुंडा और वाजपेयी की 'जयंती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के तीन महान नेताओं सरदार वल्लभभाई पटेल, बिरसा मुंडा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने के लिए उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया है। इन समितियों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं करेंगे। यह निर्णय संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी तीन अलग-अलग अधिसूचनाओं के बाद सार्वजनिक हुआ है।

सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**संस्कृति मंत्रालय की ओर से 3 निर्णय जारी किए गए**

**संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और युवा केंद्रित गतिविधियां होंगी**

*सरकार का कहना है कि इन महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को राष्ट्रीय जीवन में उतारना ही मुख्य उद्देश्य*

### राज्यों के प्रतिनिधि मंत्री सहित विशेषज्ञ होंगे शामिल

सरकार ने कहा है कि इन समितियों के जरिए भव्य कार्यक्रम, संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ मंत्री और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।



### पटेल, अटल और मुंडा की दूरदृष्टि से होंगे रूबरू

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। वे स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़े नेता के रूप में सामने आए और स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री बने। उन्हें भारत का लौहपुरुष कहा जाता है। बिरसा मुंडा एक आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने आदिवासी समाज को ब्रिटिश हुकूमत और शोषण से लड़ने की प्रेरणा दी। आज भी देशभर में उन्हें धरती आबा के रूप में याद किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने।

---

नया खुलासाः महीने भर पहले बना लिया था हत्या का प्लान

# निक्की मर्डर केसः विपिन 'ब्यूटी पार्लर' के नाम पर खरीद कर लाया था थिनर

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा में कासना कोतवाली के सिरसा गांव में दहेज में 35 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर पत्नी को जिंदा जलाने की रोंगटे खड़ी कर देने वाली घटना के बाद लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्वलनशील पदार्थ (थिनर) डालकर हत्यारोपियों ने निक्की को जिंदा जलाया था। हत्यारोपी ब्यूटी पार्लर के नाम पर ही थिनर खरीदकर लाया था।






# अगस्त्य और जुनैद का होगा बॉक्स ऑफिस में मुकाबला

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस क्लैश कुछ भी नया नहीं है। अक्सर बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े स्टार्स की फ़िल्में एक साथ रिलीज होती है। लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस मुकाबला दो स्टार किड्स के बीच में है। स्टार किड्स हैं अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा और आमिर खान के बेटे जुनैद खान। सूत्रों से पता चला है कि अगस्त्य नंदा और जुनैद खान की फ़िल्में सेम डे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है । अगस्त्य नंदा की श्रीराम राघवन निर्देशित इक्कीस एक वॉर ड्रामा है, जिसमें वह लीड रोल निभा रहे हैं। शुरुआत में फिल्म इक्कीस को 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना थी।

## लाइफ Style



# दिव्या ब्लैकमेलर के किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी मुंबई

*दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में नील और दिव्या के बीच चालाकी का खेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में दिव्या ने एक ब्लैकमेलर का किरदार निभाया है।*

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला की आवाज से होती है, जिसमें वो कहती हैं कि 'हर शहर में दो तरह की बस्ती होती है। एक नदी किनारे वाली और एक नाले किनारे वाली' ट्रेलर में दिखाया गया है कि दिव्या खोसला फिल्म में गरीब बनी हैं, जो अपनी जीविका चलाने के लिए अलग-अलग काम करती दिखती हैं। जबकि नील नितिन मुकेश फिल्म में अभिषेक वर्मा के किरदार में नजर आएंगे, जो एक पैसे वाला शख्स है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या खोसला के हाथ कुछ ऐसा लगता है, जिससे वो नील नितिन मुकेश को ब्लैकमेल करने लग जाती है। फिर आगे कहानी किस तरह से मजाकिया से गंभीर हो जाती है, ये फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। फिल्म का ट्रेलर फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताता है, लेकिन इतना गारंटी जरूर देता है कि फिल्म कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर होने वाली है। रहस्य, चालाकी और माइंग गेम से भरपूर ये ट्रेलर एक ऐसी कहानी का दावा करता है जहां चतुराई सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। ट्रेलर में आवाज आती है 'होशियारी शुरू'... इस टैगलाइन से साफ है कि फिल्म में दिमागी चालें, धोखे और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिल सकते हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# विकेडः फॉर... 21 नवंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में आई फिल्म 'विकेड' ने 5 ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किए थे। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल यो भी हैं। उन्होंने बताया कि क्यों इस फिल्म को दो पार्ट में बनाया गया है। 'विकेड 2' में ओज की चुड़ैलों की उत्पत्ति की कहानी है। 'विकेडः फॉर गुड' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सिंथिया एरिवो, एरियाना ग्रांडे, जेफ गोल्डब्लम और जोनाथन बेली भी हैं। 'विकेड' के निर्देशक जॉन एम. चू हैं।



# किम ने परिवार के साथ मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। इस अवसर पर किम ने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाया। बता दें कि किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। किम ने साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की। किम के दिवंगत पिता रॉबर्ट कार्दशियन भी एक दिग्गज वकील थे।



# नन्हे मेहमान की किलकारी से गूंजेगा घर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा कर दी है। पहले गर्भावस्था की अफवाहों का खंडन करने वाली परिणीति अब मां बनने वाली हैं, यह 'गुड न्यूज़' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने एक खूबसूरत सजे हुए केक की तस्वीर शेयर की, जिसे एक गोल चांदी की थाली में रखा गया था और उसके ऊपर एक मुलायम बेज रंग का कपड़ा बिछा था, जिसके पास ही नाज़ुक सफेद फूल रखे थे। बीच में, केक के दो छोटे पैरों के सुनहरे निशान हैं और साथ में "1 + 1 = 3" लिखा है, जो उनके बढ़ते परिवार का संकेत देता है। इस पोस्ट में परिणीति और राघव का एक वीडियो भी शामिल है।



# जूनियर एनटीआर : नहीं करेंगे काम...

**मुंबई।** 'वॉर 2' का प्रचार-प्रसार जिस स्तर पर हुआ था, लग रहा था ये बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का स्टारडम, यशराज जैसा इतना बड़ा प्रोडक्शन हाउस, 400 करोड़ का बजट, एक धांसू फिल्म के लिए जरूरी सारे मसाले इसमें थे, बावजूद इसके फिल्म बेस्वाद रह गई। अब वजह कोई भी रही हो, लेकिन फिलहाल एनटीआर ने बॉलीवुड में काम करने का ख्याल छोड़ दिया है। खबरें थीं कि 'वॉर 2' के बाद एनटीआर यशराज बैनर की एक सोलो हीरो वाली फिल्म में भी काम करेंगे, लेकिन अब खबर आ रही है कि एनटीआर ने फिलहाल इस फिल्म को रोक दिया है। उन्होंने एक नहीं, बल्कि यशराज के साथ कई फिल्मों की डील साइन की थी, लेकिन अब अभिनेता का पूरा ध्यान अपनी तेलुगू फिल्मों पर है।

## टीवी मसाला

# 'नागिन 7' का टीजर आउट

मुंबई। टीवी का पॉपुलर शो 'नागिन' एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ आने वाला है। शो के सातवें सीजन का पहला टीजर मेकर्स ने रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'नागिन 7' का टीजर रिलीज किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जिस की बेसबरी से राह देखी आपने हर दिन, आ रही है आपसे मिलने नागिन!' नागिन के सातवें सीजन के टीजर आने से फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं।



'नागिन' बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत एकता कपूर निर्मित नागों और नागिन के बारे में बना एक अलौकिक टीवी शो है, जो टीवी पर प्रसारित होता रहा है। पहले सीजन में मौनी रॉय, अर्जुन बिजलानी और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' के दूसरे सीजन में मौनी रॉय, करणवीर बोहरा और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' ने तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति, पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी ने अभिनय किया। 'नागिन' के चौथे सीजन में निया शर्मा और विजयेंद्र कुमेरिया ने अभिनय किया। 'नागिन' के पांचवे सीजन में सुरभि चंदना, शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल ने अभिनय किया। 'नागिन' के छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, महक चहल, श्रेय मित्तल और वत्सल शेठ ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अब वहीं 'नागिन 7' टीजर आज रिलीज हो गया है। बहरहाल, नागिन के चेहरे से पर्दा उठना अभी बाकी है।

# ईशान और विशाल की फिल्म होमबाउंड की आईएफएफएम में हुई ग्रैंड क्लोजिंग

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 का शानदार समापन होमबाउंड की आधिकारिक स्क्रीनिंग के साथ हुआ। यह फिल्म, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नीरज घेवन ने निर्देशित किया है और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है, में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने ग्रैंड क्लोज़िंग नाइट में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने इस साल फेस्टिवल में दो बड़े अवॉर्ड भी जीते – बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर।**



**मुंबई।** क्लोज़िंग नाइट पर दर्शकों की भारी भीड़ रही और ऑस्ट्रेलियन दर्शकों की बड़ी उत्सुकता के चलते फिल्म की दो स्क्रीनिंग रखी गईं। भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय ने सबका दिल छू लिया और फिल्म खत्म होते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। फिल्म की सफलता पर नीरज घेवन ने कहा, "होमबाउंड को मेलबर्न लाना और यहां दो अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है। इतनी विविधता से भरे लोगों के बीच होना एक अद्भुत अनुभव है। मैंने दुनिया के किसी भी कोने में ऐसा सहयोग और समर्थन कभी नहीं देखा जैसा यहां ऑस्ट्रेलियन सरकार और मंत्रीगण इस फेस्टिवल के लिए कर रहे हैं।"

# खरीदा अपने सपनों का पेंट हाउस



*अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है।*

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी दोनों में एक बेहतरीन दौर का आनंद ले रही हैं। कई सफल फिल्मों और प्रमुख फ्रैंचाइजी में प्रमुख भूमिकाओं के साथ, उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है। कृति ने बताया कि कैसे उनका यह सपना एक नए पेंटहाउस के साथ हकीकत में बदल गया है। कृति ने बताया कि कैसे लगा। लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। मुझे घर घर जैसा ही पसंद है। मुझे बार-बार घर बदलना पसंद नहीं, खासकर माता-पिता के साथ। मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। वहीं कृति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। इसी बीच मुंबई एयरपोर्ट से उनका वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से होगी रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता ने प्रोड्यूस की है, जबकि एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है।




# 'जुगनुमा' का सामने आया नया पोस्टर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। यह 12 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने एक पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी फैंस को दी है। 'जुगनुमा' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को खूब सराहा गया है। अब इसे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का एक पोस्टर तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मनोज बाजपेयी की फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ बटोरने के बाद अब ये भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विजेता राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। उन्हें कन्नड़ फिल्म थिथि के लिए ये अवॉर्ड मिला था। इसके पोस्टर में मनोज बाजपेयी अपनी ऑनस्क्रीन फैमिली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक बच्चा उनके कंधों पर बैठा है और सभी किसी बात का जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1980 के दशक की है। इसमें जुगनू महादेव (मनोज बाजपेयी) रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू और अवन पुकोट भी अहम किरदार निभा रहे हैं।



# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर ऑउट

**मुंबई।** 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। वहीं, मेकर्स भी उत्सुकता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा किया था और अब टीजर की जानकारी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "मंडप सजेगी, महफिल जमेगी...पर सनी और तुलसी की एंट्री सारी स्क्रिप्ट बदल देगी। टीजर 28 अगस्त गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।" शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण और जान्हवी स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे।



# 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी पर इसी महीने रिलीज होगी। इसमें सोनी राजदान और सबा आजाद लीड रोल में हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली महिला सिंगर नूर बेगम (राज बेगम) की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म की कहानी पद्मश्री से सम्मानित कश्मीरी गायिका राज बेगम पर बनी हैं, जिन्हें कश्मीर की 'मेलोडी क्वीन' के नाम से भी जाना गया। ट्रेलर में उनके उस संघर्ष की झलक है, जिन्होंने उन्हें लोकप्रिय गायिका बनाया। वह दौर ऐसा था कि कश्मीर में महिलाओं को गाने की इजाजत नहीं थी। मगर, तब राज बेगम ने परिवर्तित नाम के साथ यह सफर शुरू किया, विरोध झेला और फिर लगन और मेहनत के बूते सफलता के शिखर पर पहुंचीं। फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद दोनों ने राज बेगम का रोल अदा करते हुए अलग-अलग समयकाल को दिखाया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक शख्स नूर बेगम (सोनी राजदान) से उनकी कहानी पूछता है। वे कहती हैं, क्या करेंगे मेरी कहानी का? जवाब मिलता है, 'आपकी कहानी लोगों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है'। अगले दृश्य में सबा आजाद की एंट्री होती है।






# कांग्रेस अमावस्या है, भाजपा पूर्णमासी : नड्डा

## 4 संभागों की बैठक में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ता जनता को कांग्रेस और भाजपा में फर्क बताए

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने यहां कहा कि कांग्रेस अमावस्या है और भाजपा पूर्णमासी। कार्यकर्ता भाजपा और कांग्रेस के बीच फर्क को जनता को समझाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की राजनीति का टर्निंग प्वाइंट रहा, जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने, जो जिम्मेदार और बफादार दोनों है। इसके बाद देश के साथ साथ प्रदेश में भी भाजपा की रिपोर्ट कार्ड वाली सरकारों का दौर शुरु हुआ। श्री नड्डा यहां भाजपा के संभागीय कार्यालय में जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डेड कांग्रेस के डेड लीडर ही हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं, जबकि हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विरोधी भी मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है। हमने सत्ता के लिए कभी समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी राजनीति की संस्कृति

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि लोगों की स्मृति छोटी होती है इसलिए अपनी बात बार-बार कहने की जरूरत है। 2014 के पहले सरकारें आती थीं और जाती थीं। चुनावी घोषणा पत्र का कोई महत्व नहीं होता था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिम्मेदार और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। उन्होंने राजनीति की संस्कृति बदल दी।

### राहुल गांधी किसकी भाषा बोल रहे

श्री नड्डा ने बैठक को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आप सभी ने राहुल बाबा के वक्तव्य को सुना होगा, जिसमें उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनॉमी बताया था। नेता विपक्ष का पद कितना जिम्मेदारी वाला होता है, लेकिन राहुल बाबा का ये वक्तव्य नितांत गैर जिम्मेदाराना था। राहुल गांधी किस की भाषा बोल रहे हैं? उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। वर्ल्ड बैंक ने ये भी ये माना है कि वैश्विक स्लोडाउन के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था स्ट्रांग है।

### भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत : डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समय से जिस भी दायित्व को संभाला, अपने कार्य और निष्ठा से उस पद को और गरिमापूर्ण और प्रशंसनीय बना दिया है। श्री नड्डा ने नेशनल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की स्थापना कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से कर रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात भाजपा की जनजातियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरा जम्मू-कश्मीर देश के साथ मिलकर केंद्र सरकार के साथ खड़ा था, यह भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता की मजबूती को दिखाता है। पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से वर्ष 2023 के विधानसभा और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक विजय मिली है।

### सेवा पखवाड़े के तौर पर मनाया जाएगा पीएम का जन्मदिन : हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, एक 'पेड़ मां के नाम' के साथ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'एक बगिया मां' के नाम एवं 'नमो वन और नमो पथ' अभियान को आगे बढ़ाना है। युवा मोर्चा रक्दान शिविर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा।बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे मंचासीन रहे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार एवं आभार प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत ने माना।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है : मुख्यमंत्री



**जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के मुख्य आतिथ्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र में मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक निर्णयों और जनहितैषी पहल का भव्यतम शुभारंभ हुआ।**

कार्यक्रम में रिमोर्ट कंट्रोल से श्योपुर और सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण किया गया। साथ ही धार, बैतूल, पन्ना और कटनी जिलों में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये गये। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड वितरण, मातृ एवं शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाएँ और डिजिटल नवाचार के रूप में स्मार्ट चैटबॉट का शुभारंभ भी किया गया।

**मध्यप्रदेश बना हेल्थ हब : एक साथ 6 नए मेडिकल कॉलेज, वय वंदना कार्ड और डिजिटल हेल्थ चैटबॉट का शुभारंभ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश हेल्थ केयर की सुविधाएं सुनिश्चित करने में सबसे आगे है और इन पहलों से प्रदेश में चिकित्सा अधोसंरचना, जनस्वास्थ्य सुरक्षा और तकनीक आधारित सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। इसके लिए उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार को बधाई व शुभमानाएं भी दी। उन्होंने कहा कि 2 मेडिकल कॉलेज में लेटर ऑफ परमीशन मिलने व 4 मेडिकल कॉलेजों में पीपीटी मॉडल के शुरू होने से मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र की तस्वीर अच्छी होगी।स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाईयां देते हुए कहा कि वे इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की इस पहल पर केन्द्र सरकार को बधाई दी और कहा कि एक साथ 200 मेडिकल सीट बढना एक सपने जैसा है। 1956 के बाद मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे और उनके कार्यकाल में ही 9 मेडिकल कॉलेज खुल गये हैं। अब प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा हैं। जबलपुर में सुपर स्पेशलिटि हॉस्पिटल है। उन्होंने कहा कि अब यह कोशिश की जायेगी कि हर मेडिकल कॉलेज में एक हॉस्पिटल हो। उन्होंने पीपीटी मॉडल के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के बारे में भी बताया। साथ ही कहा कि एयर एंबुलेंस, शव-वाहन, राहगीर योजना जन कल्याण के लिए कारगर योजना साबित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 दिन के अंदर 2 नये रिकार्ड बने, जिसमें प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर का लोकार्पण और दूसरा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की पहल। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है।

---

**एसई संजय अरोरा की कार्यशैली से बिजली विभाग में बगावत, फूट सकता हैं भर त्यौहार आक्रोश**

# एई-जेई भी कर चुके सामूहिक इस्तीफे की पेशकश

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर अधीक्षण अभियंता (सिटी) संजय अरोरा की कार्यशैली पर घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा। डीई के बाद अब एई और जेई भी अरोरा की प्रताड़ना से तंग आ चुके हैं। बताया जाता है कि महज दो माह पहले शहर के सभी एई और जेई सामूहिक इस्तीफा लेकर एमडी अनय द्विवेदी के पास पहुंच गए थे, जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया था।

### फटकार और प्रताड़ना से टूटा मनोबल

सूत्रों के अनुसार, अरोरा की कार्यशैली में सहयोग और संवाद की जगह फटकार और दबाव ने अधिकारियों का मनोबल तोड़ दिया है। यही वजह रही कि डीई के बाद अब एई और जेई भी खुलेआम विरोध की स्थिति में पहुंच गए। विभाग के अंदरखाने यह चर्चा है कि अगर स्थिति यही रही तो फील्ड स्टाफ कामकाज से हाथ खींच सकता है।



### गणेशोत्सव पर संकट का साया

गणेशोत्सव की शुरुआत हो चुकी है और त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति का सुचारु रहना बेहद जरूरी है। लेकिन अधिकारियों और एसई सिटी के बीच जारी टकराव का खामियाजा सीधे जनता को भुगतना पड़ सकता है। लापरवाही और आपसी खींचतान का असर सप्लाई व्यवस्था पर पड़ने से शहरवासियों को त्योहारों में अंधेरे और घंटों की परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### कटनी से जबलपुर तक विवादों की कड़ी

संजय अरोरा का विवादों से पुराना रिश्ता रहा है। कटनी में भी उनका कार्यकाल अधीनस्थ अधिकारियों से टकराव और मनमानी के लिए सुर्खियों में रहा था। अब वही हालात जबलपुर में दोहराए जा रहे हैं, जहां अधीनस्थ अधिकारी खामोश पीड़ा सहने को मजबूर हैं।

### जनता कब तक चुकाएगी कीमत

अधिकारियों के बीच अविश्वास और प्रताड़ना का सीधा असर फील्ड पर दिख रहा है। शिकायतों का समाधान समय पर नहीं हो रहा, निरीक्षण की कमी है और बार-बार सप्लाई बाधित हो रही है। सवाल यह है कि जनता कब तक इस नौकरशाही टकराव की कीमत चुकाती रहेगी? विभागीय अफसरों को अब तय करना होगा कि शहर की बिजली व्यवस्था बचानी है या व्यक्तिगत मनमानी को बढ़ावा देना है।

---

**फर्जी डीड घोटाले में बड़ा खुलासा, सीएसपी रीडर की भूमिका पर गहराए सवाल**

# नहीं मिली बेल धोखेबाज अभिलाष चला गया जेल

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

रेलवे ठेकेदारी के नाम पर बड़े भाई अविनाश श्रीवास्तव के साथ 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले छोटे भाई अभिलाष श्रीवास्तव को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे सीधे जेल भेज दिया गया। इस पूरे मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है क्योंकि आरोपी अभिलाष की पत्नी दीप्ति इंगोले को भी सहआरोपी बनाया गया है। दीप्ति पर आरोप है कि उसने नकली डीड में खुद को हिस्सेदार बताकर ठगी में साथ निभाया। फिलहाल वह घर पर ताला डालकर फरार हो गई है।

### लैपटॉप गायब तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अभिलाष का लैपटॉप अब भी गायब है। शक है कि इस लैपटॉप में ठगी से जुड़े अहम दस्तावेज, ईमेल और डिजिटल कॉन्ट्रैक्ट अपलोड हैं। पुलिस अब हर संभव कोशिश में जुटी है कि यह लैपटॉप बरामद किया जाए ताकि पूरे रैकेट की कड़ियां खुल सकें। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेज हाथ लगते ही ठगी के और कई राज सामने आ सकते हैं।

### रीडर की संदिग्ध भूमिका, लेनदेन उजागर

इस सनसनीखेज घोटाले में सबसे ज्यादा सवाल सीएसपी कोतवाली के रीडर अमित जायसवाल की भूमिका पर खड़े हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि अभिलाष और रीडर के बीच गहरी यारी और पैसों का लेनदेन हुआ था। यही वजह रही कि रीडर ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं हो इसके लिए छह महीने तक पूरे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की। टीआई-सीएसपी समेत रेलवे अधिकारियों को गुमराह कर वह जांच को बार-बार भटकाता रहा। लेकिन अब जब यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच चुकी है, तो माना जा रहा है कि रीडर पर गाज गिरना तय है।

### जेल पहुंचा अभिलाष, लेकिन सवाल बाकी

अभिलाष के जेल जाने और उसकी पत्नी के फरार होने से मामला और पेचीदा हो गया है। पुलिस के सामने अब दोहरी चुनौती है। फरार दीप्ति इंगोले की गिरफ्तारी और गायब लैपटॉप की बरामदगी। वहीं बड़ा सवाल यह है कि अगर रीडर की भूमिका शुरू से संदिग्ध थी तो उसे समय रहते क्यों नहीं हटाया गया? क्या छह महीने तक मामले को दबाने में सिर्फ वह अकेला जिम्मेदार था या फिर सिस्टम के अन्य हिस्से भी इसमें शामिल थे।

### इनका कहना है

आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। लैपटॉप की तलाश जारी है पत्नी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे है।

**-संगीता सिंह, टीआई मदन महल**

---

# जबलपुर में जेपी नड्डा की बैठक के दौरान हंगामा

**सांसद बाल्मीकि के साथ धक्का-मुक्की, चश्मा टूटा**

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर दौरे पर हैं। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत वे सबसे पहले संभागीय स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए। हालांकि, इस बैठक के दौरान एक अप्रिय घटना सामने आई, जिसने पूरे माहौल को कुछ देर के लिए तनावपूर्ण बना दिया। सूत्रों के अनुसार, बैठक स्थल में प्रवेश करते समय राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि के साथ सुरक्षा कर्मियों ने धक्का-मुक्की कर दी। घटना से आक्रोशित होकर सांसद ने स्वयं इसका विरोध जताया। वहीं, मौके पर मौजूद उनके समर्थकों ने भी नाराजगी जताते हुए हंगामा कर दिया। अचानक हुई इस स्थिति ने कार्यालय में अफरा-तफरी मचा दी और कुछ समय तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और सहज स्वभाव के कारण सांसद को सुरक्षा कर्मियों ने पहचानने में देर कर दी और उन्हें रोका, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। दरअसल, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि अपनी सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए जानी जाती हैं। सांसद बनने के बाद भी वे किसी प्रकार का विशेष प्रोटोकॉल या दिखावा नहीं करतीं। यही वजह है कि अक्सर उन्हें आम कार्यकर्ताओं की तरह समझ लिया जाता है और सुरक्षा कर्मी उन्हें पहचानने में चूक कर बैठते हैं। हालांकि भाजपा पदाधिकारियों ने स्थिति को संभाल लिया, जिसके बाद बैठक का शुचारू रूप से आगे बढ़ी. लेकिन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने सो जिले में चर्चा का विषय जरूर बन गया ।

---

**स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक स्वंयभू भाजपा नेता अमित खरे का नया फर्जीवाड़ा**

# सरकारी डॉक्टरों की आड़ और बीमा क्लेम में डाका!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

संस्कारधानी में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा और माफियागिरी का खेल खेलने वाले स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक और स्वंयभू भाजपा नेता अमित खरे पर एक बार फिर गंभीर आरोपों की बौछार हो गई है। कभी फर्जी एमएलसी, कभी आयुष्मान कार्ड घोटाला और कभी खुलेआम गुंडागर्दी में खरे का काला चिट्ठा थमा ही नहीं था। अब उस पर सरकारी अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों की आड़ लेकर निजी अस्पताल का प्रचार करने और मरीजों को गुमराह कर भर्ती कराने का खुला आरोप सामने आया है।

### सरकारी डॉक्टर का नाम बेचकर मरीजों को भ्रमित किया

मामला उस वक्त तूल पकड़ गया जब जिला अस्पताल विक्टोरिया में पदस्थ डॉक्टर राहुल शुक्ला का नाम और फोटो खरे ने अपने निजी अस्पताल के पोस्टर में छपवाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पोस्टर देखकर मरीज यह समझ बैठे कि सरकारी डॉक्टर स्मार्ट सिटी अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं। जैसे ही इस मामले की भनक डॉ. शुक्ला को लगी, उन्होंने तत्काल सीएमएचओ से शिकायत की। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने खरे को जमकर फटकार लगाई और कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। यह घटना साफ करती है




कि खरे किस तरह सरकारी संसाधनों और नामचीन डॉक्टरों की आड़ में अपना निजी कारोबार चमकाने में जुटा है।

### मरीज के बीमा क्लेम की राशि डकारने का आरोप

सिर्फ प्रचार ही नहीं, खरे पर मरीजों की बीमा राशि हड़पने का भी संगीन आरोप है। नरसिंहपुर निवासी उद्यमान सिंह गोंड़ ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर को दी लिखित शिकायत में बताया कि 14 सितंबर 2021 को सड़क हादसे में घायल होने के बाद वह स्मार्ट सिटी अस्पताल में भर्ती हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने इलाज का खर्च बीमा क्लेम से दिलाने का वादा किया था। लेकिन जब 2 लाख 60 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई, तो उसमें से पीड़ित को पूरा पैसा नहीं मिला। आरोप है कि बार-बार मांगने पर खरे ने न केवल भुगतान टाला बल्कि पीड़ित को धमकियां भी दीं।

### किराए की बिल्डिंग में करता है संचालन

एक ओर सरकारी डॉक्टरों का नाम बेचकर फर्जी प्रचार, दूसरी ओर गरीब मरीजों की बीमा राशि हड़पना यह सब खरे की करतूतों की लंबी फेहरिस्त में नए पन्ने जोड़ते हैं। वहीं यह बात भी खास है कि खरे किराए की बिल्डिंग को ही चुनता है और उसी में अस्पताल का संचालन करता है। न्यायालय के आदेश पर बंद हो चुका एप्पल अस्पताल हो या फिर दोबारा स्मार्ट सिटी अस्पताल का संचालन हो सब किराए के भवनों पर ही संचालित हो रहा है।

### आखिर किसके दबाव में प्रशासन

सवाल यह है कि आखिर कब तक स्वास्थ्य माफिया राजनीतिक संरक्षण के सहारे कानून और मरीजों की जिंदगी से खेलता रहेगा। आखिर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग इतनी शिकायतों के बावजूद कार्रवाई करने से पीछे क्यों हट रहा है। यह समझ से परे है। जनता का गुस्सा अब साफ है इस बार कार्रवाई आधी-अधूरी नहीं, निर्णायक होनी चाहिए।

## 26 अगस्त को उदयातिथि में रखा जाएगा अखंड सौभाग्य का व्रत हरतालिका

**27 को श्रीगणेश चतुर्थी, दस दिवसीय उत्सव की धूमधाम शहर में प्रारंभ होगी**

# आज तीज का व्रत, कल बप्पा का आगमन भक्ति और उल्लास में डूबेगा शहर

जबलपुर।

अखंड सौभाग्य की प्रतीक हरतालिका तीज की तृतीया तिथि सोमवार दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर शुरू हो गई है और तिथि का समापन मंगलवार 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार हरलातिका तीज का अखंड व्रत 26 अगस्त को रखा जाएगा। वहीं 27 से श्रीगणेश उत्सव का शुभारंभ होगा।

शहर के शिवालयों और मंदिरों में हरतालिका तीज को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। देवालयों में महिलाएं सामूहिक रूप से हरतालिका का पूजन आचार्यों और पंडितों के सान्निध्य में करेंगी। हरतालिका तीज व्रत का इंतजार सुहागिन महिलाएं सालभर से करती हैं। वहीं कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की कामना लिए इस व्रत को करती हैं। धर्मशास्त्रों और पंचांगों के अनुसार



भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाई जाती है। इस दिन भगवान शिव की पूजा निराहार और निर्जल रहकर महिलाएं आस्था और श्रद्धा के साथ अपने पति की लंबी आयु और सुख-सौभाग्य की कामना करती हैं।

### विभिन्न विशेष योगों में होगी भोलेनाथ की आराधना

इस बार हरतालिका तीज पर ग्रहों की स्थिति बहुत उत्तम है। सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग इस दिन बन रहे हैं। इन चार योगों के बनने के कारण इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा विशेष फलदायी मानी जाएगी। इस दिन ग्रहों के उत्तम योग के कारण भगवान शिव की पूजा से धन, वैभव, सुख-समृद्धि आदि की प्राप्ति होगी। यह व्रत बहुत कठिन माना जाता है, क्योंकि इस व्रत में पूरे दिन निर्जला रहते हैं। अगले दिन पारण के समय जल पीकर व्रत खोलते हैं।

### बुधवार को श्रीगणेश स्थापना के साथ दस दिनी उत्सव

27 अगस्त बुधवार से गणेश महोत्सव की दस दिवसीय शुरुआत होगी। वहीं 6 सितंबर को गणेशजी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। शहर में विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए दुकानें लगना प्रारंभ हो गई हैं। इस बार प्रशासन की सख्ती और पर्यावरण संरक्षण के तहत मिट्टी की श्रीगणेश प्रतिमा स्थापित करने पर खासा जोर दिया जा रहा है। शहर में सार्वजनिक गणेश पंडाल भी विद्युत सज्जा से सजने शुरू हो गए हैं।



# श्रीसुप्तेश्वर गणेश मंदिर से निकली सांध्य फेरी

**जबलपुर।** भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी की सांध्य फेरी आज श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर से भव्य रूप से श्रद्धा भक्ति एवं भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी का गुणगान करते हुए मंदिर से एलआईसी, गुलाटी पेट्रोल पंप, प्रेमनगर, राजस्थान स्वीट्स मदनमहल, दशमेश द्वार से राम मंदिर मदन महल, गुप्ता होटल होते हुये श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर पहुँची। दिनांक 27 से 06 अगस्त तक श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व भव्य रूप से श्रद्धा एवं भक्तिपूर्वक मनाया जाएगा। अनंत चतुर्दशी पर 06 अगस्त को विशाल भंडारा आयोजित है। आज सांध्य फेरी में सभी गणेश भक्तों ने निर्धारित गणवेश पीला कुर्ता, सफेद पजामा एवं मंदिर का बैज धारण किया। श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर महिला मण्डल भी निर्धारित ड्रेस कोड एवं बैज धारण करके सांध्य फेरी शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह-जगह भगवान श्री गणेश जी का पूजन एवं प्रसाद वितरण हुआ। सांध्य फेरी में मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय चौधरी, उपाध्यक्ष रामेश्वर चौबे, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश पटेल, उपाध्यक्ष पुष्कल चौधरी, प्रदीप जानी, अशोक शर्मा, मोहन अग्रवाल, सीताराम नेमा, अशोक जोशी, राम अवतार शारडा, लखन मिश्रा, एससी तिवारी, राजेन्द्र राय, विजय सोनी, आरके रघुवंशी, पंडित हिमांशु तिवारी, विनय खरे, दिनेश गुप्ता, नवीन व्यवहार, सहित बहुत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।

## मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के महासचिव पद से शिवानी बेन ने दिया इस्तीफा



**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के महासचिव राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया की महासचिव एवं फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश की कोषाध्यक्ष सुश्री शिवानी बेन ने अपनी व्यक्तिगत व्यस्तताओं के कारण एकेडमी के महासचिव पद एवं एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है जिसे स्वीकृत किया गया जिससे सुश्री शिवानी बेन को समस्त दायित्वों से मुक्त किया गया है।

## पटवा समाज का कजलियां मिलन समारोह संपन्न



**जबलपुर।** पटवा समाज जबलपुर का कजलियां मिलन समारोह अग्रवाल बारात घर शीतलपुरी में आयोजित किया गया। समारोह में बच्चों ने राधा कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों ने नृत्य गायन भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत पटवा एवं विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय सचिव रविंद्र प्रताप सिंह केहरि, पटवा समाज जबलपुर के अध्यक्ष डीके रतनेर, उपाध्यक्ष टीसी लखेरा, सचिव अभय पाटकर, कोषाध्यक्ष केएल तारन, सह सचिव सुबोध पाटकर, संगठन एवं सूचना मंत्री चंद्रकांत पटवा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संगठन सचेतक दुर्गेश चौहान, कार्यकारिणी सदस्य पवन पटवा, राकेश पाटकार, मनीष पटवा, अभिजीत लखेरा, विनय पाटकर, पटवा समाज जबलपुर की महिला अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा तारन, वरिष्ठ महिला प्रतिनिधि शदीपा रत्नेर, सचिव सुधा पाटकर उपाध्यक्ष संध्या चौहान, कोषाध्यक्ष ममता पटवा, समाज के संरक्षक सुदामा पाटिल, गोविंद पाटकर, केशव पटवा, वरिष्ठ सदस्य रामदयाल पाटिल, राम सेवक पाटकर, शंकर लाल पाटस्कर, पटवा समाज जबलपुर की कार्यकारिणी के सभी सदस्य के सराहनीय सहयोग से संपन्न हुआ।

**रामरतन यादव सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने गये**

# मप्र धनगर यादव समाज के चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश धनगर यादव समाज के चुनाव सामाजिक भवन उपनगरीय क्षेत्र रामपुर में शपथग्रहण समारोह संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारियों राजकुमार यादव, खेमचंद धनगर, सुरेश यादव, जगदीश यादव, चुनाव अधिकारी थे। पूर्व जे.डी.ए. उपाध्यक्ष रघुनाथ यादव, चंद्रभान यादव, विनोद यादव, गनेश धनगर की उपस्थिति में सर्वसम्मति व निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, अमरचंद यादव, एड. रमाशंकर यादव, अजीत यादव, सचिव एड. संतोष यादव, सहसचिव पूरन यादव 'संजू', डॉ. के.के. यादव, कोषाध्यक्ष राकेश यादव, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण यादव, रज्जन यादव, कार्यकारिणी सदस्य- मुकेश यादव (शहपुरा), भरत यादव, अश्विनी यादव, विजय यादव, राजू यादव, संतोष यादव, एड. धर्मेन्द्र यादव, राजेश यादव, जितेन्द्र यादव



(जोधपुर), राजेश यादव, राकेश यादव, दिलीप यादव, विनय यादव, दीपक यादव, रामकुमार यादव, अमित यादव, संगठन मंत्री प्रमोद यादव, सुनील यादव, अरविंद यादव, धीरज यादव, प्रचार मंत्री रवि यादव, सौरभ यादव, विवेक यादव, कृष्णकुमार यादव, रामकिशन यादव, राज यादव, आदर्श यादव, राजकुमार यादव, उपेन्द्र यादव, शुभम यादव, सिद्धार्थ यादव, यश यादव, मूलचंद यादव चुने गये। निर्वाचन प्रक्रिया में समाज के विभिन्न स्थानों से पधारे गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। साथ ही चुनाव उपरांत शपथग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ।




# शासकीय महाविद्यालय सिहोरा में रक्तदान शिविर आयोजित

**सिहोरा।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18 वीं पुण्य स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम एंव रानी दुर्गावती चिकित्सालय (लेडी एल्गिन हॉस्पिटल) के द्वारा शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव के संरक्षण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के एन.सी.सी.एवं एन.एस.एस. इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ.जे.पी.सोयाम ने बताया की शिविर में रिकॉर्ड 68 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

# महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ महर्षि आश्रम मंगेली में वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी डॉ. गिरीशजी का जन्मोत्सव मनाया गया

जबलपुर।

महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ महर्षि आश्रम मंगेली जबलपुर में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक मार्गदर्शक वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश जी का 25 अगस्त को जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम प्रभारी जगभान खरे द्वारा गुरुपूजन, दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। वैदिक पंडितों द्वारा दीर्घायु अरोग्यता की कामना हेतु देवाधिदेव महादेव का साङ्गोपाङ्ग षोडशोप्रचार पूजन करके अनेकानेक पदार्थ दूध की अविरल धारा से षडाङ्ग रुद्राष्टाध्यायी वैदिक पंडितों द्वारा चार वेदों का पाठ किया गया।



ब्रह्मचारी गिरीश जी द्वारा महर्षि विश्व आनंदमय विश्वयोजना की वैश्विक रूप में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए मां जगत जननी नर्मदा जी का पूजन करके 108 दीपदान किए गए, जिसमें जीवन सूर्य की भांति आभाप्रभा से प्रकाशित होकर समस्त योजनाएं अविरल सतत क्रियान्वयन हों। इस कार्यक्रम में प्राचार्य रामजी पांडे, आचार्य रामलाल, अमित, आवेश, संतोष, संतोष शर्मा व्यवस्थापक, संतोष खरे, बसंत, दुर्गा, रामगोपाल, चौरई सरपंच कमल पटेल आदि उपस्थित रहे।

# भागवत श्रवण के साथ आत्मसात भी करें

**जबलपुर।** श्री सदगुरुदेव सेवा समिति के तत्वावधान में लघु काशी पचमठा मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस कथा मनीषी वृन्दावन धाम से पधारे स्वामी राम प्रपन्नाचार्यजी महाराज ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन पश्चात श्रोताओं को भागवत कथा का रसास्वादन कराते हुए कहा कि समस्त प्राणियों के हृदय में विहार करने वाले भगवान श्रीकृष्ण भक्त वत्सल हैं। हमें आवश्यकता है उन्हें पहचानने की। कथा श्रवण से मृत्यु का डर समाप्त हो जाता है। भागवत कथा आत्म कल्याण की सीढ़ी है। कथा के दौरान कृष्ण सुदामा की अनुपम झांकियां जनमानस के आकर्षण का केंद्र रहीं। कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन पूना से पधारे संजय सिंह, श्रीमती निधि सिंह ने किया। मधुसूदनाचार्य ब्रम्हचारी जी के मंत्रोचारण से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान भजन गायक ललित अग्रहरि ने सुमधुर



भजन गाकर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। गुरु परिवार के बिराज तिवारी (ब्रजराज) ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का समापन 26 अगस्त को पूजन अर्चन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। इस भव्य एवं दिव्य कथा अयोजन में नीरजा सुरेंद्र तिवारी, भारती देवेंद्र तिवारी, महेंद्र विराज तिवारी, नीति अभय तिवारी, सीमा नरेंद्र तिवारी, अल्पना राजेंद्र तिवारी, स्मति आनंद तिवारी, सरोज विश्वकर्मा, किरण पाठक, शशिप्रभा पाठक, रजनी गर्ग, किरण जायसवाल, मंजू शैलेन्द्र अवस्थी, संध्या दुबे, ज्योति जादौन, डॉ. अजय फौजदार, एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, एडवोकेट राजकुमार अवस्थी, राजेश पटेल, धीरज पटेरिया, प्रमेंद्र जाट, भानु प्रताप सिंह के साथ ही डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला उपस्थित थे।

## निधन

**श्री दिनेश कुमार गुप्ता-** इंद्रा नगर कैमोर निवासी श्री दिनेश कुमार गुप्ता (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जीजी बाई प्रजापति-** लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री जानकी प्रसाद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती जीजी बाई प्रजापति (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंजू केडिया-** पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री संतोष कुमार केडिया की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू केडिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री बुद्धा बंशकार के पुत्र श्री मुकेश बंशकार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद सिंह बुटोला-** रावण पार्क रांझी निवासी श्री गोविंद सिंह बुटोला (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल झारिया-** छापर टेंडर वन रामपुर निवासी श्री लखन सिंह झारिया के पुत्र श्री अनिल झारिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हीराझरी पटेल-** रांझी स्थित गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री श्रीभगवान पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती हीराझरी पटेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्रीनिवास पटेल-** लालमाटी संतोषी माता के पास निवासी श्री श्रीनिवास पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुलोचना चौधरी-** संत नगर पोलीपाथर निवासी श्री चुन्नी लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी सिंह प्रधान-** छापर रामपुर मांडवा निवासी श्री देवी सिंह प्रधान (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संतोष-** बंगला नं. 5 सदर निवासी श्री संतोष (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार शर्मा-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री नंद लाल शर्मा के पुत्र श्री संजय कुमार शर्मा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संतबली-** चंदन कॉलोनी रांझी निवासी श्री संतबली (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हल्की बाई-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री जग्गू मल्लाह की धर्मपत्नी श्रीमती हल्की बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दुर्गा प्रसाद सेन-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद सेन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमलता ठाकुर-** कवर्धा हाउस पुल नं. 2 निवासी श्री मृगेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता ठाकुर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम भरोसे विश्वकर्मा-** सुभाष नगर महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री राम भरोसे विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## शासकीय स्कूलों में डिजिटल भुगतान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में सरकारी स्कूलों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के स्कूल प्रभारियों को एसबीआई डिजी गॉव पोर्टल के माध्यम से डिजिटल बिल भुगतान के तरीके समझाना था। आयोजन बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव और प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें बीएसी अश्वनी उपाध्याय के साथ-साथ जिला शिक्षा केंद्र के लेखापाल अहमद खान और विक्रम सिंह ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डिजी गॉव पोर्टल पर यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके बिल बनाने के बारे में बताया गया। उन्होंने मेकर,अप्रूवर, और वेरिफायर की भूमिकाओं को स्पष्ट करते हुए स्कूल की विभिन्न जरूरतों के लिए ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया भी बताई इससे सरकारी स्कूलों के वित्तीय लेन-देन को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। प्रशिक्षण में खिरहनी कला, कन्या सिहोरा, कुम्ही सतधारा, खितौला, अगरिया, मझगवां, गांधीग्राम और गोसलपुर के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल शामिल थे। इस अवसर पर समस्त शिक्षक उपस्थित थे।



## अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**मझौली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को मझौली क्षेत्र के ग्राम पेकारी में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी मझौली को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि गांवों में हो रही अवैध शराब की बिक्री को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।इस विरोध प्रदर्शन में ग्राम पोनीया के बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि शराब के कारण गांव में रोज गाली-गलौज, झगड़े और अशांति का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर युवक कांग्रेस के जिला महासचिव अभिषेक यादव, ठाकुर दारा सिंह, विनीत राजपूत सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो अगली बार आंदोलन और बड़ा होगा।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अनीता कोष्टा पति स्व. रूपचंद्र कोष्टा उम्र 40 वर्ष निवासी- ग्राम मझौली, वार्ड नं. 4 मझौली, तहसील मझौली, जिला जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरी पुत्री का नाम छवि कोष्टा है तथा मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो में नाम छवि कोष्टा है लेकिन उसके आधार कार्ड में नाम सोनाली कोष्टा दर्ज है। मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में नाम परिवर्तन कराकर नाम छवि कोष्टा दर्ज कराना चाहती हूं अत: मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में नाम छवि कोष्टा से जाना पहचाना जायेगा। इस वास्ते यह शपथ पत्र पेश कर रही हूँ।

शपथकर्ता
अनीता कोष्टा

### CHANGE OF NAME

I, ARMY NO. 14833496X RANK NK NAME RAMCHARAN YADAV S/O LATE HEERALAL YADAV OF UNIT 559 ASC BN, R/O VILL & PO- GAJAN, TEH-RAMPUR BAGHELAN, DISTT-SATNA (MP) AADHAR CARD NO. 3536 9972 3528 I, have changed name of my DAUGHTER from ANJLI YADAV (name as per my Army service records) to ANJALI YADAV (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD AND EDUCATIONAL DOCUMENTS vide affidavit dated 25/08/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME-ANJALI YADAV
INCORRECT NAME-ANJLI YADAV

## खबर संक्षेप



### शहद का निर्यात मूल्य 1,400 डॉलर न्यूनतम प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 दिसंबर तक प्राकृतिक शहद का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से घटाकर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया है। इस एमईपी से कम मूल्य पर निर्यात की अनुमति नहीं होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। अधिसूचना के मुताबिक, 'प्राकृतिक शहद का एमईपी तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर, 2025 तक 2,000 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से संशोधित कर 1,400 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कर दिया गया है।'

### महिंद्रा को नए संयंत्र के लिए जमीन की तलाश

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए जमीन तलाश रही है, ताकि घरेलू और निर्यात बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाया जा सके। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित इस ऑटो कंपनी ने अपने नए मॉड्यूलर मल्टी-एनर्जी एनयू आईक्यू मंच को पेश किया, जो एसयूवी की एक नई श्रृंखला का समर्थन करेगा। इसका पहला उत्पाद 2027 में आने की उम्मीद है।




### अमेजन ने साझेदारी में 40 आश्रय केंद्र शुरू किए

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन इंडिया ने सोमवार को 'प्रोजेक्ट आश्रय' को आगे बढ़ाने की घोषणा की। इसके तहत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सहयोग से देशभर में सभी आपूर्ति साझेदारों के लिए 40 विश्राम केंद्र और शुरू किए जा रहे हैं। आश्रय केंद्र आपूर्ति साझेदारों के लिए विशेष रूप से बनाए गए विश्राम स्थल हैं, जहां वातानुकूलित बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध हैं।




### एनबीसीसी को राजस्थान सरकार से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लि. को राजस्थान में लगभग 3,700 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 95 एकड़ में मिश्रित उपयोग वाली परियोजना के विकास और विपणन का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे 'राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) की 95 एकड़ जमीन पर राजस्थान मंडपम सम्मेलन केंद्र, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) टावर, आईटी टावर, लक्जरी होटल और नए वाणिज्यिक एवं आवासीय बुनियादी ढांचे के डिजाइन, विनिर्माण और विपणन के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप में चुना गया है।'

### हुडको की डिबेंचर से 3000 करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** आवास एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 3,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने इस साल अप्रैल में 2025-26 में बॉन्ड/ऋणपत्र जारी करके 65,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। बॉन्ड आवंटन समिति 29 अगस्त, 2025 को होने वाली अपनी बैठक में निजी निर्गम के आधार पर 3,000 करोड़ रुपये तक के कुल एक लाख रुपये अंकित मूल्य के बिना गारंटी वाले, कर योग्य, विमोच्य, गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी एनसीडी के जारी/आवंटन को मंजूरी देने का प्रस्ताव करती है।

## प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका

# फिच रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते भारत की साख को 'बीबीबी-' पर कायम रखा

**जीएसटी सुधार से उपभोग को मिलेगा बढ़ावा,वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर एवं बाह्य मोर्चे पर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। भारत पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमान पर मामूली नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष 'योग्यता' और ''मानक'' वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है।

### 12 और 28 फीसदी का स्लैब होगा समाप्त

इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर 'स्लैब' को समाप्त करना शामिल है। फिच ने कहा, '' भारत की रेटिंग को उसकी मजबूत वृद्धि और ठोस बाह्य वित्तीय स्थिति का समर्थन प्राप्त है।'' 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। यह रेटिंग वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के एक पखवाड़े के भीतर आई है।




### कंपनियों का राजस्व 11 फीसदी बढ़ेगा : क्रिसिल

विविध इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नौ से 11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि बड़ी एवं विविध ईपीसी कंपनियों के लिए राजस्व में यह वृद्धि बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय में स्थिर बढ़ोतरी, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुकूल ऑर्डर मिश्रण के साथ परियोजना के तेज क्रियान्वयन के दम पर होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के अध्ययन में 15 ईपीसी कंपनियों को शामिल किया गया ।

### 14 अगस्त को 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' कर दिया था

गौरतलब है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 14 अगस्त को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया था। एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार भारत की साख को बढ़ाया है। एक अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग डीबीआरएस ने इस वर्ष मई में संरचनात्मक सुधारों का हवाला देते हुए भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दी थी।

### वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के समान है और 2.5 प्रतिशत के 'बीबीबी' औसत से काफी ऊपर है। इसने कहा कि भारत का आर्थिक परिदृश्य समकक्ष देशों की तुलना में मजबूत बना हुआ है, हालांकि पिछले दो वर्ष में इसकी गति धीमी हुई है।

### राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर

एजेंसी ने कहा कि इसमें मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश में वृद्धि और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण मध्यम अवधि में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि क्षमता का अनुमान लगाया गया है। फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' रेटिंग एजेंसी ने हालांकि 'बीबीबी' वर्ग के देशों की तुलना में उच्च घाटे और कर्ज का हवाला देते हुए फिच ने राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर की है।

## भारत में नवंबर तक ऑनर के स्मार्टफोन का उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन की स्मार्टफोन कंपनी ऑनर की ब्रांड साझेदार पीएसएवी ग्लोबल 2026 की पहली तिमाही से भारत में ऑनर उपकरणों का उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पीएसएवी ग्लोबल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सी. पी. खंडेलवाल ने बताया कि कंपनी की योजना 'मेड इन इंडिया' ऑनर स्मार्टफोन के साथ पहले वर्ष में एक प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की है, जिसके परिणामस वरूप लगभग 2,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

सीईओ ने कहा, '' सीकेडी (कम्प्लीट नॉक्ड डाउन) विनिर्माण शुरू होने के बाद हमारा प्रथम वर्ष का लक्ष्य करीब एक प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है, जो लगभग 2,500 करोड़ रुपये के राजस्व के बराबर है। यह लक्ष्य विनिर्माण परिचालन के पहले वर्ष में हासिल किया जाएगा।''

वैश्विक मोबाइल फोन आपूर्ति पर 'काउंटरपॉइंट रिसर्च' की 2025 की पहली तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष पांच ब्रांड के अलावा ऑनर तेजी से बढ़ते ब्रांड में से एक है और वैश्विक स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा दे रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पहली तिमाही में हुआवेई चीन में सबसे बड़ी मूल उपकरण विनिर्माण (ओईएम) कंपनी थी, जबकि ऑनर एवं मोटोरोला ने कई बाजारों में उच्च वृद्धि दर्ज की।

## सोना 200 रुपए टूटा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मंदी के रुख के अनुरूप स्टॉकिस्ट की बिकवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 150 रुपये टूटकर 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''डॉलर में तेजी और बॉन्ड प्रतिफल में सुधार के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।''

संघ के अनुसार, इस बीच चांदी की कीमतें 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। गांधी ने कहा कि शुरुआती बेरोजगारी दावों और पीसीई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। व्यापारियों का मानना है कि ये सभी आंकड़े इस सप्ताह सर्राफा कीमतों को प्रभावित करेंगे। वैश्विक बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,363.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### आयकर नियम दिसंबर अंत तक होंगे अधिसूचित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य (विधि) आर एन परबत ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग सरलीकृत आयकर फॉर्म पर काम कर रहा है और अगले साल एक अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए दिसंबर के अंत तक नए नियमों को अधिसूचित करने का लक्ष्य रखा है।

**कार्यालय - अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर**

कमांक / सं.गृ. / 2025 / जबलपुर दिनांक- / 08 / 2025

शासकीय संस्था सम्प्रेक्षण गृह गोकलपुर जबलपुर में रखी अनुपयोगी सामाग्री हेतु

**"निविदा आमंत्रण सूचना**

किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत संचालित शासकीय संस्था सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर में रखी अनुपयोगी सामाग्री ( कबाड ) प्लास्टिक, टीन, लोहा, स्टील, पीतल, कांसा इत्यादि के अपलेखन की कार्यवाही किया जाना है। अनुपयोगी सामाग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी नियम व शर्तों सहित रुपए 100/- जमा कर कार्यालय अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर से दिनांक 26-08-2025 से दिनांक 29-08-2025 तक प्राप्त कर सकते है। भरे हुये निविदा फार्म बंद लिफाफे में दिनांक 30-08-2025 को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 2.00 तक ही स्वीकार किये जायेंगे। दोपहर 2.00 बजे के उपरांत निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

अधीक्षक
सम्प्रेक्षण गृह जबलपुर

**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन - 482001 Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-09 / सा / 2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — जबलपुर, दिनांक 21.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला / लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _446047_1 | जबलपुर क्रं.-2 | सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड प्रथम जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य लं. 6.50 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम | 757.25 लाख | 7,57,250/- | 20,000/- | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _446048_1 | जबलपुर क्रं.-2 | गांधीग्राम राजमार्ग से धमकी रेल्वे गेट प्रथम तक लंबाई 2.50 कि.मी. में सडक का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित । | प्रथम | 527.94 लाख | 5,28,000/- | 20,000/- | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _446049_1 | जबलपुर क्रं.-2 | गढ़ा वार्ड जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न सडकों का निर्माण कार्य लंबाई 6.70 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 997.55 लाख | 9,98,000/- | 20,000/- | 12 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _446050_1 | जबलपुर क्रं.-2 | महाराणा प्रताप वार्ड जबलपुर के अंतर्गत के अंतर्गत विभिन्न सडकों का निर्माण कार्य लंबाई 3.80 कि.मी. विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 538.03 लाख | 5,38,100/- | 20,000/- | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _446051_1 | जबलपुर क्रं.-2 | सिहोरा-कुर्रा पिपरिया गांव से सिद्धधाम तक लं. 5.60 कि.मी. मार्ग का चौड़ीकरण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 1227.98 लाख | 10,00,000/- | 30,000/- | 16 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _446052_1 | कटनी | रामनगर रामपाटन से हथियागढ पहुंच मार्ग लंबाई 3.73 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम | 752.85 लाख | 7,53,000/- | 20,000/- | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _446053_1 | कटनी | पथराडी पिपरिया से निपनिया केवलारी पहुंच मार्ग लंबाई 9.40 कि. मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य। | प्रथम | 865.52 लाख | 8,65,600/- | 20,000/- | 12 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _446158_1 | कटनी | पड़रिया से गाडा होकर पहाडीखेडा तक मार्ग लंबाई 2.26 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 636.51 लाख | 6,36,600/- | 20,000/- | 10 माह वर्षा ऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 09.09.2025 समय 5 :30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

G-17769/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय नगर परिषद भुआ-बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्रं./लो.नि.शा./2025/429 — **ई-निविदा सूचना** — भुआ-बिछिया दिनांक 22/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीयन ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वितरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_446684_1 Dt- 22/08/2025 NIT NO 429/PWD/2025 | वार्ड क्रमांक 12 में हनुमान मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य। | 02 माह 1,96,200/- | 1,000.00 4,000.00 | 10/09/2025 |
| 2025_UAD_446685_1 Dt- 22/08/2025 NIT NO 429/PWD/2025 | वार्ड क्रमांक 06 में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु चबूतरा निर्माण कार्य। | 02 माह 1,89,244/- | 1,000.00 3,800.00 | 10/09/2025 |

नोट :- (1) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ-बिछिया
जिला-मण्डला

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 36 / 2025

निविदा सं. 20255022, जिसके खुलने की तिथि 26/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहथ प्रकाशित की गई थी इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं।—**Tender No. & Short Description :** 20255022 Description:- IP बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम फॉर रोलिंग स्टॉक., **From : 26/8/2025, To : 09/09/2025,** अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखें

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज ( म.प्र.)**

निविदा सू.क्र. 09 / ब.ले.लि. / का.यं. / लो. स्वा.या. / 2025-26 मऊगंज, दिनांक 22.08.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है। ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 25.08.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड / टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 25.08.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 09.09.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 25.08.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 09.09.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 11.09.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है ।
(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptender.gov.in) पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 11.09.2025 को खोली जायेंगी ।
(4) कार्य का विवरण :- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड त्यौंथर एवं नईगढ़ी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, आर. सी. सी. टंकी (OHT) सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित ।

| ई- टेण्डर नं. | योजना का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनु.लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _446335_1 | विकासखण्ड त्यौंथर सोहागी, मझिगवॉ एवं डाढ़ विकासखण्ड नईगढ़ी सहित)पिपरा, सुमेदाकला एवं बंधवाकोठार | त्यौंथर एवं नईगढ़ी | 281.25 | 281250.00 | 15000.00 | 09 माह एवं( वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट http//www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित है।

G-17754/25 कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में S&T सम्बंधित विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:

**निविदा सूचना क्र.:** ST-TELE-6Work-Combined25 दिनांक: 19.08.2025

**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल में S&T सम्बंधित विभिन्न कार्य -
(1) ADEN, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पुल संख्या 73, कि.मी. 1059/3-4 के ह्यूम पाइप को प्रीकास्ट RCC बॉक्स ब्रिज और रिटेनिंग वॉल कि.मी. 1058/12 से कि.मी. 1059/9 तक को बदलने सम्बंधित S&T कार्य।
(2) DRM बिल्डिंग, नागपुर में अभियांत्रिकी विभाग के विभिन्न कार्यालयों में सुधार सम्बंधित S&T कार्य।
(3) रेल नेट सिस्टम के स्थानांतरण के लिए कंट्रोल बिल्डिंग, नागपुर में लैब/वायरलेस के नवीनीकरण सम्बंधित S&T कार्य।
(4) लैब / वायरलेस कार्यालय के स्थानांतरण के लिए माउंट रोड, नागपुर में टेलीफोन एक्सचेंज का नवीनीकरण।
(5) केवल पॉलीक्लिनिक मोतीबाग, नागपुर में रेल नेटवर्क से संबंधित सुविधाओं के साथ पुराने मेडिसिन स्टोर भवन के विकास सम्बंधित S&T कार्य।
(6) रनिंग रूम में रेल नेट / इंटरनेट कनेक्टिविटी के प्रावधान सम्बंधित S&T कार्य।
(7) केल्ज़र स्टेशन पर गुड्स शेड में FOIS कनेक्टिविटी के प्रावधान सम्बंधित S&T कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 73,90,801/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,47,800/-
**समापन अवधि:** 09 महीने
**ई-निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **11.09.2025** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता,
PC/21-102 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म. प्र. )**
दूरभाष 07632-358737 ई-मेल :- dpepiu.balaghat@mp.gov.in

जेम / 2025 / बी / 6586875 दिनांक 20.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत)(रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | ठेकेदार / फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GEM/ 2025/B/ 6586875 | जिला बालाघाट में आदिवासी विभाग अंतर्गत नवीन शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय मोहगांव निर्माण कार्य में स्मार्ट क्लास तथा फर्नीचर स्थापना का कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | बालाघाट | 97.55 | 292664.00 | शासन अंतर्गत जेम पोर्टल पर पंजीकृत निमार्ता (OEM) प्रदायकर्ता | 1 |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// Gem Portal पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 20.08.2025 समय दोपहर 03 :00 बजे से दिनांक 03.09.2025 समय दोपहर 01 :00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
G-17745/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" लोक निर्माण विभाग बालाघाट

**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य) सिवनी**
क्र./3226 /निर्माण/2025-26 E-mail- actw.sni@mp.gov.in सिवनी, दिनांक 19 अगस्त, 2025

**निविदा विज्ञप्ति**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाईन ई- निविदा प्रथम आमंत्रण)**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी एवं 01.01.2024 से प्रभावशाली लोक निर्माण के प्रचलित एस. ओ. आर. पर एवं विद्युत कार्य हेतु लो.नि.वि. के प्रचलित एस. ओ. आर. दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशाली पर आज दिनांक तक संशोधनों सहित कार्यालयीन निविदा विज्ञप्ति क्र. 3139 दिनांक 11.08.2025 ऑनलाईन जोनल ई निविदा आमंत्रित की गई है, उक्त निविदा में विकासखण्ड केवलारी एवं बरघाट में निविदा दर में वृद्धि होने से निरस्त का पुन: नवीन ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि 26-08-2025 एवं ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10-09-2025 तक है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं शेडूल्य (Key dates ) तथा अन्य जानकारियां www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | Online NIT No. | कार्य का नाम एवं विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि लाख में | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड केवलारी अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/ आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघु निर्माण कार्यो का सम्पादन - जैसे शौचालय, स्नानागृह सेट का निर्माण कार्य/ अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग नलकूप खनन/ कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य,/भवनो में खिडकी-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटिंग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिंग आदि के कार्य सेनेंट्री/सीवर लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 400.00 (रू चार करोड मात्र) | 4.00 लाख | 'स' श्रेणी एवं अधिक | 12 माह (वर्षा काल सहित) |
| 2 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड बरघाट अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/ आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनु.जन जाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादन -जैसे शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गों का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य,/भवनों में खिडकी-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटीग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिंग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवरलाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 400.00 (रू चार करोड मात्र) | 4.00 लाख | 'स' श्रेणी एवं अधिक | 12 माह (वर्षा काल सहित) |

Keydates-

| S. No. | Particular | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 26/08/2025 10:30 AM |
| 2 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | 10/09/2025 05:00 PM |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 10/09/2025 05:30 PM |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 12/09/2025 11:30 AM |
| 4 | वित्तीय ऑफर खोलने की तिथि | 16/09/2025 12:30 PM |

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. / / निर्माण / 2025-26 सिवनी, दिनांक अगस्त 2025 हेतु शर्ते निम्नानुसार है-**

1- उक्त निविदाओं को बेवसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र ( टेन्डर निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्युमेन्ट बेवसाइट www.mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10.09. 2025 समय 17 :00 ( सायं 05 :00 बजे ) तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.09.2025 समय 17:30 (सायं 05:30 बजे) बजे निर्धारित है । 2- कार्य संबंधी विवरण एवं निविदा बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 3-समस्त निविदाकारो को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्र अतिशीघ्र बिड जमा करें। बेवसाइट पर किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा । 4-वित्तीय प्रस्ताव किसी भी स्थिति में ऑफलाईन ( हार्ड कॉपी में) मान्य नहीं होगा । यदि वित्तीय प्रस्ताव मोहरबंद लिफाफे में या अन्य किसी भी प्रकार से ऑफलाईन दिया गया तो वह बिड अमान्य कर दी जायेगी । 5-उपरोक्त कार्यो का भुगतान आवंटन प्राप्त होने पर किया जावेगा ।

सहायक आयुक्त
G-17742/25 जनजातीय कार्य, सिवनी

## चिंतन

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श
सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा। रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए। इसके लिए सरकार को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, और रोज़गार सृजन पर ज़ोर देना होगा ताकि देश के युवा कार्यबल को पूरी तरह से नियोजित किया जा सके। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी युवा आबादी को अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार हो सकें। सारांश रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान में शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बल्कि बदलाव की जरूरत है।



( लेखिका सहायक प्राध्यापिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व



संकलित
## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थी गंगा



संकलित
## प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे

राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस-राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े-मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर


# चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई



चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।
हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है। बयान में कहा गया, 'शिपकी-ला (किन्नौर) के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के लिए हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर रही थी, जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने आए हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान चीन सरकार ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।' राज्य सरकार ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण मिली, जिन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग को फिर से खोलने का आग्रह किया था।

## ऑफ बीट

# कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत



अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है, जिसे हम अभी समझना शुरू ही कर रहे हैं। हमने स्वस्थ युवा वयस्कों को उनके सामान्य तरल सेवन के आधार पर दो समूहों में विभाजित करके उनका परीक्षण किया। एक समूह प्रतिदिन 1.5 लीटर से भी कम पानी पीता था, जबकि दूसरे समूह ने महिलाओं के लिए लगभग दो लीटर और पुरुषों के लिए 2.5 लीटर की मानक अनुशंसाओं को पार कर लिया। एक सप्ताह तक इन पैटर्न को बनाए रखने के बाद, प्रतिभागियों को सार्वजनिक भाषण और मानसिक अंकगणित से संबंधित एक 'प्रयोगशाला तनाव परीक्षण' का सामना करना पड़ा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूल माली समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# उज्जैन में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए सरकार देगी हरसंभव मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है।

उन्होंने कहा कि बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के 16 वें राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले फूल माली समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को मंच से प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि देकर सम्मानित किया।

### खास बातें

- बागवानी संवर्धन और फ्लॉवर डेकोरेशन को बढ़ावा दे रही हमारी सरकार
- बच्चे देश की धरोहर, इनकी प्रतिभाओं को संवारना हम सबका दायित्व
- भोपाल स्थित हिन्दी भवन में हुआ आयोजन



### फूल माली समाज ने परिश्रम, लगन और कर्मठता से बनाई एक अलग पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूल माली समाज ने अपने परिश्रम, लगन और कर्मठता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज के बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश में भी नाम रोशन किया है। ऐसे होनहारों का सम्मान करना वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वे बड़ा करने का सपना देखें। सपने पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। फूल माली समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी हरिनारायण माली ने बताया कि समाज का यह 16 वां प्रतिभा सम्मान समारोह है। समाज की गतिविधियों के विस्तार के लिए सरकार का साथ चाहिए। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। पुलिस की भर्तियां भी जारी हैं। इस साल 7500 पदों पर भर्तियां निकाली हैं। पुलिस की भर्ती के लिए अलग से पुलिस भर्ती बोर्ड भी बनाया जा रहे हैं। अगले तीन साल में हर साल 7500 पदों पर भर्ती कर हम पुलिस विभाग के सभी रिक्त पदों की पूर्ति कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। अभी हाल ही में जन्माष्टमी में सरकार ने सभी कृष्ण मंदिरों में पुष्प सज्जा के लिए आकर्षक पुरस्कार भी घोषित किए। उन्होंने कहा कि पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है।

## राजधानी में शीघ्र होगा कीर समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो समाज संगठित होकर कार्य करता है, वह इतिहास बनाता है। कीर समाज को भगवान श्रीराम की चरण रज प्राप्त हुई और समाज बंधुओं ने भगवान श्रीराम को भवसागर पार करवाया। उस समाज ने बदले में भगवान श्रीराम से कुछ नहीं मांगा। बस जीवन की वैतरणी पार करने का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज की एक राज्य स्तरीय पंचायत शीघ्र ही राजधानी में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास से उज्जैन में हुए कीर समाज के महासम्मेलन को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीर समाज ने भगवान श्रीराम को मनुष्य के बजाय भगवान के रूप में पहचाना था। आज समाज प्रगति के मार्ग पर है। शिक्षा के प्रसार और नशा मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से समाज जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जीवन में मुख्यमंत्री के रूप में प्राप्त सेवा के इस अवसर का श्रेय कीर समाज सहित ऐसे सभी समाज बंधुओं के आशीर्वाद को देते हैं।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अधोसंरचना विकास और शिक्षा के प्रोत्साहन के कार्य कर रही है। जहां मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, वहीं छात्रवृत्ति पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म मिलने से शिक्षा अर्जन आसान बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने महासम्मेलन में उपस्थित अनेक बहनों से संवाद भी किया और लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। इस मौके पर कीर समाज के महासम्मेलन में प्रदेश कार्यकारिणी के शपथ समारोह और विचार विमर्श के सत्र हुए। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महासम्मेलन को मां पूरी बाई कीर कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गया प्रसाद कीर, समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित भी किया।

### खबर संक्षेप

#### ग्वालियर के पर्यटन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा नया आयाम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और ग्वालियर-चंबल एवं सागर संभाग में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में 29 एवं 30 अगस्त को रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी की विशेष उपस्थिति होंगी। राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि मध्य प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रहा है। ग्वालियर के पर्यटन श्रेत्र में निवेश को नया आयाम मिलेगा। टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ़ लेगेसी थीम पर आधारित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है लघु उद्योग, देश हित में मिलकर करेंगे काम: सीएम

# लोन चुकता होते ही बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से हो जाएगी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि किसी भी प्रकार का संस्थागत या बैंक लोन चुकता होते ही संबंधित बंधक संपत्ति मॉर्टगेज या डबल मॉर्टगेज से मुक्त हो जाएगी। इस प्रावधान का लाभ हम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लघु उद्योगों की स्थापना और इससे जुड़ी सभी कठिनाइयों का समुचित हल भी निकाला जाएगा।

हम एमएसएमई उद्योगों की स्थापना से जुड़ी सभी प्रकार की अनुमतियां को समयबद्ध कार्य योजना की अनुरूप समय-सीमा में देने का प्रावधान करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लघु उद्योग भारती के गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लघु उद्योग भारती के करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय भवन 'उद्यम सेतु' का लोकार्पण किया। इस मौके पर लघु उद्योग भारती का द्वि-वार्षिक प्रादेशिक सम्मेलन और स्टार्टअप एवं लघु उद्यमी महाकुंभ-2025 भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, लघु भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, लघु उद्योग भारती के प्रांताध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, संस्था के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र सहित अन्य पदाधिकारी, लघु उद्योगपति एवं लघु उद्यमी उपस्थित थे।

1 गोविंदपुरा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लघु उद्योग भारती के प्रादेशिक भवन उद्यम सेतु के लोकार्पण समारोह में की घोषणा

2 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम उद्योगों (एमएसएमई इंडस्ट्री) को भी दिया जाएगा लाभ



### लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लघु उद्योग भारती से जुड़े लघु उद्योगपति केवल मुनाफे के लिए काम नहीं करते। आप हर छोटे उद्यमी की आवाज बन रहे हैं। आप संगठन में शक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगपति दाम कम, दम ज्यादा मंत्र के साथ अपनी विश्वसनीयता बनाएं। एक बार जो आपका प्रोडक्ट खरीदे, वो बार-बार खरीदें। तकनीकी से जुड़ें, मार्केटिंग सीखें, ऑनलाइन बाजार से जुड़ें। अपने उत्पादों को ई-कॉमर्स वेबसाइट से जोड़कर लोकल से ग्लोबल बनाएं।

### विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास का सबसे सटीक उदाहरण भारतीय लघु उद्योग ही हैं। यह कारोबार नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आशा, आत्म-सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन का आधार हैं। लघु उद्योग सिर्फ कारखाने नहीं हैं, ये रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। एमएसएमई वह पुल है, जो मेहनतकश हाथों को बड़े बाजारों से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में 6 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) हैं, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। कुल निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाए हैं, तो इसमें एक बड़ा योगदान लघु उद्योगों का ही है।

### लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है यह लोगों को रोजगार देते हैं

मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि लघु उद्योग की सुरक्षा जरूरी है। यह लोगों को रोजगार देते हैं। यह घरों को आबाद बनाए रखते हैं। इनसे समाज के कमजोर वर्ग के लोग रोजगार पाते हैं। यह लघु उद्योग ही देश को चलाते हैं। इस मायने में लघु उद्योग हमारे देश की सामाजिक संरचना के संरक्षक भी हैं।

## विस अध्यक्ष तोमर ने किया केंद्रीय गृह मंत्री शाह का अभिवादन



**भोपाल।** दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी तोमर ने केंद्रीय गृह मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित शाह से भेंट कर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में स्व. विट्ठल भाई पटेल 25 अगस्त 1985 को निर्वाचित हुए थे। उसी अवसर के शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में यह आयोजन हो रहा है, जिसमें देशभर के विधान मंडलों के अध्यक्ष सम्मिलित हो रहे हैं।

### दोनों घटनाओं में शव चार से पांच दिन पुराने

## दो अलग-अलग स्थानों में बोरी में बंद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक महिला का शव संदिग्ध हालात में मिला है। महिला की लाश बोरी में बंद थी। संदिग्ध परिस्थिति में महिला का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि शव तीन से चार दिन पुराना है। बोरी में लाश बंद होने के कारण पूरी तरह से सड़ गई है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि नदी के किनारे एक संदिग्ध बोरी पड़ी थी। बोरी से दुर्गंध आ रही थी, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब जांच की तो उसमें लाश थी।



### नहीं हुई महिला की शिनाख्त

*पुलिस के अनुसार, ऐसा लग रहा है कि हत्या कर लाश ठिकाने लगाने की कोशिश की गई है। लाश 4 से 5 दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र के शिवटिकरी गांव का है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बोरी से दुर्गंध आने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को अस्पताल भेज दिया है।*

### पांच दिन पहले रेलवे ट्रेक पर मिली थी लाश, परिजनों को सौंपा शव

## कब्र खोदकर निकाला शव, मृतक की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मुड़ापार मुक्तिधाम में कब्र की खुदाई कर लाश निकाली गई। यह लाश रेलवे ट्रैक पर मिली थी और पांच दिन बाद मृतक की पहचान हुई। मृतक 40 वर्षीय तुलाराम बिंझवार थे, जो उरगा थाना अंतर्गत बिरतराई के निवासी थे। वो रायगढ़ में काम करने वाले अपने बेटे से मिलने गए थे।

पूरा मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भिलाई खुर्द मानिकपुर रेलवे पूल के पास का है, जहां 20 तारीख की देर शाम रेलवे ट्रैक पर एक कटी हुई लाश देखे जाने से हड़कप मच गया था। मालगाड़ी के ड्राइवर ने इसकी



सूचना रेलवे पुलिस को दी थी। वहीं जांच कार्रवाई के लिए संबंधित मानिकपुर चौकी पुलिस को भी बुलाया गया। जहां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू की। मृतक की जेब से एक बस का टिकट मिला था, जिसके आधार पर पुलिस पहचान कार्रवाई में जुटी हुई थी। पुलिस ने पहचान के लिए व्हाट्सएप पर फोटो वायरल की। वहीं आसपास मुनादी कर जिले के थाना चौकिया में सूचना देकर पहचान में जुटी हुई थी। पांच दिन बीत जाने के बाद उसकी पहचान कराई गई। जहां मृतक उरगा क्षेत्र के बिरतराई का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि वह अपने बेटे राजेश बिंझवार से मिलने के लिए रायगढ़ गया हुआ था। जहां उसका बेटा डाकघर में काम करता है। बिना मिले ही वह वहां से वापस लौट गया था। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। जहां वाट्सप पर फोटो देखे जाने के बाद पहचान हुई और वो पुलिस चौकी मानिकपुर पहुंचे। शव को दो दिनों तक जिला मेडिकल कॉलेज के शव रूम में रखा गया था। पहचान नहीं होने पर उसका मुड़ापार मुक्तिधाम में पुलिस और सामाजिक सेवा संस्था के द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया था। पहचान होने के बाद कब्र खुदाई के लिए एसडीएम ऑफिस में आवेदन दिया गया था। जिसके आधार पर जिला प्रशासन और पुलिस के समक्ष कब्र की खुदाई की गई और शव को निकाल कर परिजनों की सुपुर्द किया गया। कोरबा तहसीलदार दीपक पटेल ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर कब्र की खुदाई कर लाश परिजनों को सौंपी गई।

### अन्य पुरुष से अफेयर के शक में की हत्या

## बुजुर्ग प्रेमी ने किया खुद से 37 साल छोटी प्रेमिका का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 67 साल के एक प्रेमी ने अपनी 30 साल की प्रेमिका की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। प्रेमी को शक था कि प्रेमिका का किसी और के साथ भी अफेयर है। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला जिले के करेली बड़ी चौकी थाना क्षेत्र का है। आरोपी का नाम जगन्नाथ मारकंडे है। वह जिले के हसदा गांव का रहने वाला है। आरोपी खेती किसानी का काम करता है। उसका 30 साल की एक शादीशुदा महिला के साथ अफेयर चल रहा था। वहीं, मृतका की पहचान पुष्पा मारकंडे के रूप में हुई है। प्रेमी को शक होने लगा था कि उसकी प्रेमिका का किसी और के साथ भी अफेयर है जिस कारण से उसने हत्या करने की साजिश रची।



### महिला की पीठ और पेट पर किए वार

*दरअसल, पूरा मामला शनिवार का है। पुष्पा कहीं जाने की तैयारी कर रही थी। शनिवार को वह अपने बच्चे को लेकर यात्री प्रतीक्षास्थल में बैठी थी इसी दौरान प्रेमी यहां पहुंचा और चाकूओं से हमला कर दिया। आरोपी ने महिला की पीठ और पेट पर चाकू से कई हमले किए। महिला के बच्चे ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी हमले में घायल हो गया।*

### मामला रणवीरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहड़िया गांव का

## करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम



जिले में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। मामला रणवीरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहड़िया गांव की है। मिली जानकारी अनुसार खेत में हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जहुरु निषाद व उसका बेटा श्रवण निषाद खेत में टमाटर चोरी करने घुसे थे। खेत के मालिक ने फसल की सुरक्षा के लिए चारों ओर हाईटेंशन लगाए है। इसी तार की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब खेत मालिक यहां पर पहुंचा तो इन दोनों के शव जमीन पर पड़े मिले। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दोनों शव का पंचनामा कर सरकारी अस्पताल में पीएम के लिए भेजा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### गुटबाजी को बताया कांग्रेस की हार का कारण

## जिलाध्यक्षों को अहमियत दिए बिना सत्ता में नहीं हो सकती मजबूत ढंग से वापसी: राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों की रविवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के मुख्यालय में वर्कशाप हुई। जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित 71 जिलाध्यक्ष शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्षों की इस वर्कशॉप को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संबोधित किया।

इस दौरान खरगे ने कहा कि राहुल गांधी और मैंने यह अनुभव किया कि हम बगैर अपने संगठन को मजबूत किए, बिना जिला अध्यक्षों को अहमियत दिए सत्ता में मजबूती से वापसी नहीं कर सकते। वहीं गुटबाजी को कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि जब कांग्रेस संगठित रहती है, तभी हम चुनाव जीतते हैं।




### जिलाध्यक्ष संगठन में मजबूत कड़ी

राहुल ने कहा कि वर्ष 2025 को हमने संगठन सृजन का साल घोषित किया है। जिला अध्यक्ष कांग्रेस संगठन में सबसे मजबूत कड़ी होता है। राज्य में सरकार चुननी हो, तो विधान सभाओं में उम्मीदवार को जिताने में उनकी अहम भूमिका होती है। देश में सरकार बनानी हो तो लोक सभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत होती है।

### कई नेता अपने चहेतों को जिलाध्यक्ष बनाने में लगे थे

*कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कोई प्रलोभन भी दे, तो भी उनकी इमानदारी कांग्रेस के लिए ही रहे, ऐसे लोगों की आवश्यकता है। कई नेता अपने चहेते लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे थे। इसके अलावा नसीहत देते हुए कहा कि हमें कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता के बीच रहना है। हमें ऐसे तरीके ढूंढने होंगे, जिससे लोग हमसे जुड़ें। हमारी विचारधारा का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि 2023 में एमपी में करीब 27 सीटों पर वोट चोरी हुई है, ऐसा मुझे बताया गया।*

# आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि लड़ाकू युद्धपोत का आज होगा जलावतरण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की ताकत में बढ़ोतरी होने वाली है। नीलगिरि श्रेणी की दो स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ कमीशन होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी।

भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं, जिसके तहत प्रमुख पोत, आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था। यह पहली बार है कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख लड़ाकू जहाजों का कमीशन एक ही समय में हो रहा है। इसके साथ ही, भारत के पास तीन फ्रिगेट वाला एक स्क्वाड्रन होगा जो स्वदेशी क्षमता के जरिए देश की औद्योगिक-तकनीकी क्षमता और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का प्रदर्शन करेगा।

**अरब सागर में बढ़ा भारतीय नौसेना का दबदबा**

*विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी। भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था*



**आईएनएस उदयगिरि नौसेना डिजाइन का 100वां जहाज**

**अब भारत के पास होगा तीन स्वदेशी फ्रिगेट वाला स्क्वाड्रन**

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत ने पकड़ बनाई

*भारत के लिए मुख्य चुनौती चीन का बढ़ता समुद्री विस्तार है, जिसने हिंद महासागर में 'मोतियों की माला' नीति के तहत ग्वादर (पाकिस्तान), हंबनटोटा (श्रीलंका), चटगांव (बांग्लादेश) और जिबूती में अपनी पकड़ बना ली है। ऐसी स्थिति में, नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत भारत के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेंगे। ये फ्रिगेट न केवल समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा करेंगे, बल्कि मलक्का जलडमरूमध्य से लेकर अफ्रीका तक हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की नौसैनिक उपस्थिति को भी विश्वसनीय बनाएंगे।*

**14 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

दोनों जहाज 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्योगों में फैले एक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम का परिणाम हैं, जो लगभग 4,000 प्रत्यक्ष और 10,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराते हैं। आईएनएस उदयगिरि का निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है और यह नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। आईएनएस हिमगिरि, कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित किए जा रहे पी-17ए जहाजों में से पहला है।

### शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से 5% बड़े

ये दोनों मिसाइलें पहले के डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग 6,700 टन क्षमता वाले, पी-17ए फ्रिगेट अपने पहले के शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं और फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है, तथा इनका रडार क्रॉस-सेक्शन कम है।

### सुपरसोनिक मिसाइलों से सुसज्जित

ये दोनों युद्धपोत इस हथियार ग्रुप में सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एक 76 मिमी एमआर गन, और 30 मिमी तथा 12.7 मिमी की क्लोज-इन हथियार प्रणालियों का संयोजन, और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियां शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### चीन ने अंतरिक्ष में उपयोग किया एआई चैटबॉट

**नई दिल्ली।** एआई चैटबॉट अब धरती पर ही नहीं अब स्पेस में भी अपने पैर जमाने लगा है। चीन ने



अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर एक नया एआई चैटबॉट तैनात किया है, जिसे 'वुकोंग एआई' नाम दिया गया है। यह नाम एक प्रसिद्ध चीनी पौराणिक कथा 'मंकी किंग' से लिया गया है, जो चतुराई, अनुकूलन क्षमता और ज्ञान की खोज का प्रतीक है। यह चैटबॉट नेविगेशन, टैक्टिकल प्लानिंग और जटिल परिस्थितियों में तेजी से जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम है। पिछले महीने लाइव होने के बाद इसने तीन ताइकॉनॉट्स को 6.5 घंटे स्पेसवॉक के दौरान सहयोग दिया।

### सरकारी दफ्तरों में पेन ड्राइव और वाट्सएप पर रोक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि अब सिविल सचिवालय और सभी



जिलों के डिप्टी कमिश्नर कार्यालयों सहित प्रशासनिक विभागों के आधिकारिक कंप्यूटरों पर पेन ड्राइव का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ अब सरकारी या गोपनीय दस्तावेजों को साझा करने के लिए वाट्सएप जैसे पब्लिक मैसेजिंग प्लेटफॉर्म या असुरक्षित ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इस कदम से संवेदनशील जानकारियों की सुरक्षा, डेटा लीक रोकने और अनाधिकृत एक्सेस की संभावना को खत्म करने में मदद मिलेगी।

### पाक 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। पाक के



डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। पाकिस्तान को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए।

## राजनाथ सिंह की पाक को दो टूक

# आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा, हमने कर्म देखकर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का भारत ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा था और हमने कर्म देखकर मारा।

राजस्थान के जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का करारा जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ हासिल किया।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युवाओं द्वारा दिखाए गए उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, उन्होंने कहा कि जहां पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों के धर्म के आधार पर उनकी हत्या की, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वालों को उनके कृत्य के आधार पर खात्मा किया। उन्होंने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने सशस्त्र बलों को पूर्ण समर्थन दिया, जो इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि नागरिक, विशेषकर युवा, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहें, तो देश किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है और मजबूत बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया जो ज्ञान, संस्कृति और शक्ति के मामले में दुनिया में अग्रणी हो।

### रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दृढ़ता, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक सैनिक के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने एक खिलाड़ी के लिए।

## पीएम मोदी ने फिजी के समकक्ष राबुका के साथ की वार्ता

**8 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

# चिकित्सा, कृषि सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन होगा। फिजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में दी जाएगी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें चिकित्सा, कृषि, व्यापार, और निवेश जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

दोनों नेताओं की बातचीत के बाद भारत और फिजी ने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए खतरा है, हम आपदा से निपटने में उसकी मदद करेंगे। बता दें, फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के पीएम के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

**फिजी विश्वविद्यालय में हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी**

**फिजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ**



### भारतीय घी का फिजी के बाजार में प्रवेश

*फिजी और भारत ने कई व्यापार और निवेश में नई संभावनाएं तलाशने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और फिजी वाणिज्य एवं नियोक्ता संघ (एफसीईएफ) के बीच समझौता ज्ञापन किया गया है। फिजी के बाजार में भारतीय घी का प्रवेश होगा। अगले वर्ष फिजी से संसदीय प्रतिनिधिमंडल और ग्रेट काउंसिल ऑफ चीफ्स के प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा होगा। फिजी विश्वविद्यालय में एक हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी। फिजी के पंडितों के एक समूह को भारत प्रशिक्षण देने में सहायता करेगा।*

### इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

फिजी में सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने और चलाने पर, जनऔषधि स्कीम के तहत दवाओं की आपूर्ति पर, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और राष्ट्रीय मापन एवं मानक विभाग (डीएनटीएमएस) के बीच मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग पर, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), भारत और पैसिफिक पॉलीटेक के बीच कौशल विकास पर, त्वरित प्रभाव परियोजना (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन हेतु भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में, भारत और फिजी के बीच प्रवासन और गतिशीलता पर आशय की घोषणा, फ़िजी पक्ष के द्वारा सुवा में भारतीय चांसरी भवन का लीज डीड सौंपना, भारत-फ़िजी संयुक्त वक्तव्य: वेइलोमनी दोस्ती की भावना के साथ साझेदारी।

### रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

भारत और फिजी के बीच रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन होगा। भारत की ओर से फिजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में दी जाएगी। भारत फिजी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (सीएसटीसी) की स्थापना करेगा। इसी संदर्भ में फिजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ है।

### कृषि ड्रोन की आपूर्ति करेगा भारत

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने फिजी को कृषि क्षेत्र में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और फिजी विकास बैंक के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। भारत फिजी के चीनी अनुसंधान संस्थान को कृषि ड्रोन की आपूर्ति करेगा। फिजी के चीनी उद्योग और बहुजातीय कार्य मंत्रालय को चल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की आपूर्ति करेगा।

## लड़ाकू विमान मिग-21 ने नाल में अंतिम उड़ान भरी



### विदाई की बेला

*बीकानेर। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने फ्लाइंग ऑफिसर प्रिया शर्मा के साथ 19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी।*

## पाकिस्तान की साजिश फिर नाकाम

# उड़ी में 20 मिनट तक हुई मुठभेड़ सुरक्षाबलों ने विफल की घुसपैठ

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर में उड़ी (बारामुला) सेक्टर में टुरना के पास एलओसी पर सेना के जवानों ने सोमवार को आतंकियों की घुसपैठ के एक प्रयास को विफल बनाते हुए, उन्हें वापस मार भगाया। सोमवार सुबह तड़के उड़ी सेक्टर में एलओसी के साथ सटे टुरना इलाके में सेना के जवानों ने एलओसी के पार से कुछ हथियारबंद आतंकियों को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जवानों ने आस पास की सभी चौकियों को



सचेत करते हुए वहां अपनी पोजीशन संभाली और घुसपैठियों पर नजर रखी। जैसे ही वह भारतीय सीमा में दाखिल होने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए सरेंडर के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने जिनकी संख्या से तीन से चार बताई जाती है।

## भारत सरकार को मिली सफलता

# कैमरून में फंसे 17 मजदूरों की हुई स्वदेश वापसी, 2 और आज आएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है।

ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए। बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली



ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे। इस कंपनी ने उनका चार महीने का वेतन रोक रखा था। वेतन बंद होने से उनके सामने खाने-पीने और अन्य बुनियादी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था।

## पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश बनी आफत, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में बाढ़

# कई जगह भूस्खलन, सड़कें बंद, एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर/ शिमला

पहाड़ी क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जम्मू में तीन दशक बाद हुई मूसलाधार बारिश से शहर में बाढ़ आ गई। रणबीर नहर ओवरफ्लो होकर सड़कों और घरों में घुस गई। तीन से पांच फीट पानी भर चुका था। हालात काबू में लाने के लिए एसडीआरएफ और नगर निगम की टीमें दिनभर राहत और सफाई कार्य में जुटी रहीं। डोडा समेत कई जिलों में नदियां-नाले उफान पर हैं। प्रशासन ने यात्राएं रोकीं और भद्रवाह-चंबा मार्ग बंद किया। हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

वहीं, उत्तराखंड के देहरादून, उत्तरकाशी, नैनीताल तथा चमोली सहित अनेक जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। बारिश के बीच उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त धराली और चमोली जिले के थराली में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अलावा राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा खोजबीन एवं राहत बचाव अभियान जारी है।

### कठुआ जिले का संपर्क टूटा



*कठुआ जिले में सबसे ज्यादा नुकसान सड़क नेटवर्क को पहुंचा है। जिला मुख्यालय कठुआ का सभी सब डिवीजनों से सीधा संपर्क कट चुका है। जम्मू पठानकोट नेशनल हाईवे के पैरलल चलने वाले सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धार सड़क तक पहुंचाने वाले लखनपुर महानपुर और दियालाचक छलां मार्ग बंद हैं। सीमावर्ती इलाकों से सांबा तक जोड़ने वाला ओल्ड सांबा कठुआ भी बंद हो गया है।*

### हिमाचल में 628 सड़कें ठप, स्कूल बंद

*हिमाचल प्रदेश में बारिश से जगह-जगह भूस्खलन व अचानक बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, ऊना, चंबा जिले सहित कुल्लू और मनाली उपमंडल में सभी शैक्षणिक संस्थान सोमवार बंद रहे। राज्य में सोमवार सुबह 10:00 बजे तक तीन नेशनल हाईवे सहित 628 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 1533 बिजली ट्रांसफार्मर व 168 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी, कुल्लू व चंबा जिले में सबसे अधिक सड़कें प्रभावित हैं।*



### मणिमहेश जाते समय 3 श्रद्धालुओं की मौत

*हिमाचल के चंबा जिले में स्थित मणिमहेश जाते समय पंजाब के तीन श्रद्धालुओं की कथित तौर पर ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) के कारण मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पठानकोट के रहने वाले अमन (18) और रोहित (18) तथा गुरदासपुर के रहने वाले अनमोल (26) के रूप में हुई है।*

## भव्य स्वागत से अभिभूत अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बोले

# यह सपना नहीं हकीकत, जब सारी दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी, यह बस कुछ ही समय की बात है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका का 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा), दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसी हैं।

### मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब लोग नासा की बजाय इसरो की बात करेंगे। मेरा मानना है कि यह कोई सपना नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो साकार होने का इंतजार कर रही है। शुभांशु ने मुस्कुराते हुए कहा कि आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे लखनऊ पहुंचने के बाद से मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी।



### 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए

शुक्ला ने बताया कि उनकी टीम ने अंतरिक्ष में 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए जिनमें से 7 भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किए गए थे। गौरवपूर्ण क्षण हमारे वैज्ञानिकों द्वारा तय किए गए प्रयोगों को करना था। उन्हें पहली बार सूक्ष्म-गुरुत्व से जुड़ा अनुसंधान करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि असली उपलब्धि केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि इस मिशन ने अंतरिक्ष में भविष्य के भारतीय अनुसंधान के लिए जो द्वार खोले हैं, वे हैं।

## इम्यूनोग्रिट करेगा अजरता-अमरता के वरदान को सिद्ध


# पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध किया जड़ी बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता-अमरता है वरदान

### आयुर्वेद हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञानः आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता–अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है।

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है।



### आने वाले वर्षों में एंटी-एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा

*इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह शोध उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो बढ़ती आयु और उस कारण त्वचा पर असमय होने वाली झुर्रियों से चिंतित हैं। इम्यूनोग्रिट मात्र एक हर्बल सप्लीमेंट नहीं, अपितु एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित आयुर्वेदिक समाधान है, जो आने वाले वर्षों में एंटी-एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा यह प्रयास पुष्टि करता है कि जब परंपरा और विज्ञान साथ आते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस अध्ययन में पाया गया कि इम्यूनोग्रिट बुढ़ापे के कारण त्वचा की कोशिकाओं में होने वाले बदलावों को नियंत्रित करने में कारगर है। साथ ही, इम्यूनोग्रिट ने डी -गैलेक्टोज के कारण त्वचा कोशिकाओं में उत्पन्न होने वाला बुढ़ापा और ऑक्सीडेटिव तनाव के प्रभाव को कम किया। इम्यूनोग्रिट ने बुढ़ापे की पहचान माने जाने वाले पी16, पी21, पी53 और बी-गैलेक्टोसिडेज बायोमार्कर को भी संतुलित किया, जिससे त्वचा में लचीलापन बना रहा।*

### जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। आजकल 35-40 वर्ष की आयु में चेहरे पर झुर्रियां, माथे पर लकीरे होना आम बात हो गई है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं। परंतु इस समस्या का हल भी हमारे पौराणिक ग्रंथों में ही निहित है, हमने अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों को वर्तमान युग के अनुरूप, वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ इम्युनोग्रिट के रूप में प्रस्तुत किया है। आयुर्वेद के अनुसार अष्टवर्ग जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद की शक्ति को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। यह हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान है। अब वह समय दूर नहीं जब भारत ही नहीं, पूरा विश्व आयुर्वेद को अपनी चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता देगा। इम्यूनोग्रिट औषधि विदारीकंद, मेदा, शतावरी, ककोली, क्षीरककोली, रिद्धि, वाराहीकंद, बला, सफ़ेद मूसली, शुद्ध कौंच, अश्वगंधा से बनी है जिन्हें हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथों में बुढ़ापे को मंद करने वाला माना गया है।

## नगद में ज्वेलरी खरीदी की लिमिट 2 लाख रुपए से अधिक हो

# सराफा कारोबारियों ने केंद्र सरकार से ज्वेलरी पर लगे जीएसटी व इंपोर्ट ड्यूटी टैक्स में की कटौती की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

सर्राफा कारोबारियों ने केंद्र सरकार से ज्वेलरी पर लगे जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी टैक्स में कटौती की मांग की है, इसके साथ ही मौजूदा समय में पेन कार्ड अनिवार्यता की लिमिट जो 2 लाख रुपए तक निर्धारत है, इसे बढ़ाकर 4 लाख रुपए से अधिक किया जाए। क्योंकि सोना 30 लाख रुपए प्रति किलो बढ़कर मौजूद समय 1 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है तो वहीं चांदी 35 हजार रुपए उछलकर 1 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। अतः उपभोक्ता हित को ध्यान में रखते हुए नगद खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए। ताकि उपभोक्ताओं पर टैक्स का बोझ कम हो, बाजार में मंदी से बचाया जा सके और व्यापार को बढ़ावा मिलें।

कारोबारी ने कहाकि मौजूदा समय में सोने -चांदी के भाव ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। वर्तमान में 2 लाख रुपए में 20 ग्राम की सोने की ज्वेलरी भी ग्राहकों को नहीं मिल पाती है अतः सरकार नगद में ज्वैलरी खरीदी की लिमिट 2 लाख रुपए को दोगुना करें और फिर इस पर पैन कार्ड अनिवार्य का निर्धारण करें।




### जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी कम करे सरकार

*सराफा व्यापारियों ने कहाकि बैंक एवं सरकार द्वारा ऑथराइज बुलियन डीलर कंपनी के पास सस्ते दाम पर सोना उपलब्ध होगा तो भारत में चोरी-छुपे आने वाले सोने पर रोक लगेगी। जिस दिन नगद में सोना बिकना महंगा हो जाएगा, उस दिन से आरटीजीएस -एनईएफटी के माध्यम और सोने -चांदी की ज्वेलरी इंडस्ट्रीज में सभी बिलिंग से ही बेचने के लिए बाध्य हो जाएंगे। व्यवसायियों ने कहा घरेलू बाजार में सोने-चांदी के भाव काफी बढ़ गए हैं । ऐसे में अतः केंद्र सरकार जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी को कम करती है तो उनको टैक्स कलेक्शन में नुकसान नहीं होगा। आसानी बैंक के माध्यम से सोने का कारोबार के साथ टैक्स कलेक्शन कई गुना बढ़ जाएगा ।*

### डर और खौफ की तलवार नहीं लटकनी चाहिए

*कारोबारियों ने कहाकि सरकार टैक्स सिस्टम दर, अन्य व्यापारी- उद्योग पर लगने वाले कानून को सरलीकरण करना चाहिए, जिससे हर व्यवसाय सेक्टर का व्यापारी, उद्योगपति आगे होकर पूरा व्यवसाय बैंकिंग और अकाउंटिंग के माध्यम से खुद स्वेच्छा से करना शुरू करने के लिए बाध्य हो जाएगा। अगर पेचीदा और डर वाला कानून होगा तो सिस्टम में आने से हर कोई डरेगा। अतः कानून सरल और फ्रेंडली हो। डर और खौफ की तलवार नहीं लटकनी चाहिए।*

## ओरिएंट ग्रीन का शुद्ध लाभ 93.17 करोड़ रु.

**चेन्नई।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रूव्ड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को 93.17 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त हुई है। वार्षिक वृद्धि दर 38.56 फीसदी, एबिटडा 65.92 करोड़ रुपए रहा। जबकि शुद्ध लाभ 28.85 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। शुद्ध लाभ मार्जिन में 30.96 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

## अमांता हेल्थकेयर आईपीओ 1 सितंबर को

**मुंबई।** अमांता हेल्थकेयर लिमिटेड ने अपना आईपीओ 1 सितंबर 2025 को खोलने की घोषणा की है। कंपनी इसके जरिए 12,600.00 लाख जुटाएगी। इसके शेयर एनएसई और बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू का आकार प्रत्येक 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 1 करोड़ इक्विटी शेयरों तक है, जिनकी प्रति शेयर कीमत 120 से 126 रुपए के बीच होगी। एंकर हिस्से की पेशकश शुक्रवार 29 अगस्त को खुलेगी और शुक्रवार 29 अगस्त को बंद होगी।

# त्योहारों के दौरान 'नुकसान' से बचने जल्द लागू हो नई जीएसटी व्यवस्था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने त्योहारों के दौरान उद्योग को नुकसान से बचाने के लिए नए जीएसटी ढांचे को जल्द लागू करने की मांग की है। इसका कारण ग्राहक नई जीएसटी व्यवस्था के तहत वाहनों की कीमतों में कटौती की उम्मीद में खरीदारी टाल रहे हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को दो-स्तरीय कराधान व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि इस घोषणा ने जमीनी स्तर पर एक चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है।

■ वाहन डीलर संगठन फाडा ने सरकार से की मांग

उद्योग निकाय ने कहा कि भारत भर के डीलर आगामी त्योहारों - ओणम (26 अगस्त), गणेश चतुर्थी (27 अगस्त) और नवरात्रि तथा दिवाली (18-23 अक्टूबर) में बिक्री के लिए इस समय माल भंडार तैयार कर रहे हैं। फाडा ने कहा, ''जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की घोषणा के बाद ग्राहक अपनी खरीदारी टाल रहे हैं और डीलरों से नई दरों के बारे में स्पष्ट रूप से पूछ रहे हैं। इससे त्योहारी बिक्री पर पानी फिरने की आशंका है।

### परिषद की बैठक समय से पहले की जाए

उद्योग निकाय ने कहा, 'हम अनुरोध करते हैं कि जीएसटी परिषद की बैठक समय से पहले की जाए ताकि प्रमुख त्योहारों की शुरुआत से पहले इसे तर्कसंगत बनाने के उपायों को लागू किया जा सके।' इसमें कहा गया कि ऐसा करने से अच्छी त्योहारी मांग सिर्फ दीपावली के आसपास तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह मांग पूरे सत्र में बनी रहेगी।

# अनलॉन हेल्थकेयर का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** अनलॉन हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी अपना आईपीओ 26 अगस्त 2025 को खोलने जा रही है, जिसका उद्देश्य 121.03 करोड़ रुपए जुटाना है। इसके शेयर एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।इस इश्यू का आकार 1,33,00,000 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 10रुपए प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 86 से 91 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए हिस्सा सोमवार को खुला और शुक्रवार 29 अगस्त को बंद होगा।

# इंटेंस को मिला 3,148 लाख रुपए का राजस्व

**हैदराबाद।** इंटेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के अन-ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की। कंपनीकी कुल आय 3,147.93 लाख रुपए, एबिटडा 314.48 लाख और शुद्ध लाभ 125.27 लाख रुपए रहा। वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी विकास की दिशा में अग्रसर है। बीएफएसआय, बीमा और सरकारी क्षेत्रों में कंपनी के प्रति लगातार सकारात्मक रुझान बढ़ा है।

# सात साल में महिलाओं की रोजगार दर हुई दोगुनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में महिलाओं की रोजगार दर पिछले सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गई है। यह 2017-18 में 22 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि इस अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के तहत देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पीएलएफएस (आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण) के आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं की रोजगार दर (डब्ल्यूपीआर) 2017-18 के 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गई है।



### महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता बढ़ी

मंत्रालय ने बताया कि महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर और उससे ऊपर की शिक्षा पाने वाली महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 प्रतिशत हो गई है।


# आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा

### निफ्टी में भी 97 अंकों का रहा उछाल
### वाहन कंपनियों के शेयरों में भी रही भारी खरीदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में भारी लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 329.06 अंक चढ़कर 81,635.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 492.21 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 97.65 अंक बढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे ज्यादा 3.03 प्रतिशत चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.32 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।



### बांड के प्रतिफल में गिरावट से बाजार में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सितंबर में फेडरल रिजर्व की प्रमुख नीतिगत दर में कटौती और उसके बाद अमेरिका में 10-वर्षीय बांड प्रतिफल में गिरावट की संभावना से घरेलू बाजार में सोमवार को तेजी रही। अनुकूल वैश्विक धारणा के चलते आईटी सूचकांक का प्रदर्शन बेहतर रहा।'

## सेबी ने एलआईसी को प्रमोटर के बजाय पब्लिक शेयरहोल्डर के तौर पर दी मंजूरी

# निजी हाथों में जाएगा आईडीबीआई बैंक, सेबी की एलआईसी को हरी झंडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईडीबीआई बैंक को बेचने का रास्ता अब साफ हो गया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एलआईसी को बैंक के प्रमोटर के बजाय पब्लिक शेयरहोल्डर के तौर पर रिक्लासीफाई करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह बदलाव आईडीबीआई बैंक के बिकने के बाद होगा। हालांकि सेबी ने कुछ शर्तें भी रखी हैं।

एलआईसी का वोटिंग राइट्स सिर्फ 10 प्रतिशत तक ही होगा। एलआईसी बैंक के बोर्ड में शामिल नहीं हो पाएगी और बैंक के कामकाज पर उसका कोई नियंत्रण नहीं होगा। आरबीआई के निर्देशों के मुताबिक एलआईसी को डील होने के दो साल के अंदर अपनी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत या उससे कम करनी होगी।

### एलआईसी का वोटिंग राइट्स सिर्फ 10 प्रतिशत तक ही होगा

### सरकार ने 2021 में अपनी हिस्सेदारी बेचने की दी थी मंजूरी

डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (दीपम) ने सेबी के फैसले की जानकारी एलआईसी को दे दी है। सरकार ने 2021 में आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी दी थी। कुछ दिनों पहले यह खबर आई थी कि एमिरेट्स एनबीडी बैंक इस बैंक को खरीद सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा था क्योंकि मिडिल ईस्ट के इस बैंक को भारत में अपनी पूरी तरह से स्वामित्व वाली कंपनी खोलने का लाइसेंस आरबीआई से मिल गया था।




### एलआईसी की 51 फीसदी है हिस्सेदारी

एलआईसी के चेयरमैन आर दुरईस्वामी ने कहा, 'हमने आईडीबीआई बैंक में 51 प्रतिशत तक हिस्सेदारी इसलिए खरीदी थी क्योंकि उन्हें पैसों की जरूरत थी। इससे हमें एक मौका मिला। अब हमारे पास अभी 49.2 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार और एलआईसी मिलकर अपनी कुछ हिस्सेदारी बेचेंगे लेकिन बिक्री के बाद भी हमारे पास अच्छी खासी हिस्सेदारी रहेगी और हम आईडीबीआई बैंक के साथ जुड़े रहेंगे।'

### एलआईसी 2019 में बैंक की ऑनर बनी थी

एलआईसी 2019 में आईडीबीआई बैंक की ऑनर बनी थी। एलआईसी ने बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 21,624 करोड़ रुपए में खरीदी थी। उस समय आईडीबीआई बैंक कर्ज से परेशान था और उसके पास पैसे की कमी थी। इस डील से आईडीबीआई बैंक को फिर से खड़ा होने के लिए पैसे मिल गए। साथ ही एलआईसी को आईडीबीआई बैंक के ब्रांच नेटवर्क का इस्तेमाल करके अपनी बीमा पॉलिसी बेचने का मौका मिल गया। एलआईसी के पास पहले से ही आईडीबीआई बैंक में लगभग 10.8 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 9202613238, 9229187457 (रायपुर /03/सितम्बर/25)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पेन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825 (रायपुर /29/अगस्त//25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5969



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -5968 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ■ | बु | आ | ■ | द | ■ | स | ख्त | ■ | मु |
| र | क्त | ■ | कु | क | र | मु | त्ता | ■ | जा | ला |
| तू | ■ | म | ल | ■ | मि | ■ | धी | र | ■ | य |
| स | क्रि | य | ता | ■ | या | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | या | ■ | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ■ | या | ■ |
| रा | शी | क | र | ण | ■ | भा | र | ही | न | ता |
| ■ | ल | ■ | ■ | ■ | टी | ■ | ■ | ■ | वे | ■ |
| री | ता | प | न | ■ | ना | ■ | न | ह | ला | ना |
| इं | ■ | स | जा | ■ | मु | ■ | का | म | ■ | का |
| ब | लि | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | छ | बि |
| र्स | ■ | गी | त | ■ | म | ■ | ना | नी | ■ | ल |

## सूडोकु बवाल - 5979

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

जबलपुर, मंगलवार
26 अगस्त 2025
हरिभूमि सहेली



विशेष: हरतालिका तीज

# स्त्री के आत्मबल का उत्सव

हरतालिका तीज का व्रत पति के मंगल और सुखी दांपत्य जीवन के लिए रखा जाता है। इसी के साथ इसमें अंतर्निहित हैं ऐसी भावनाएं, जो स्त्री का आत्मबल बढ़ाती हैं, उसे ऊर्जावान बनाती हैं। बदलते दौर में हरतालिका तीज का महत्व और कई रूपों में व्यापक हुआ है, जो स्त्री जीवन को व्याख्यायित करता है।

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा

हरतालिका तीज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी आस्था और रिश्तों के भावनात्मक ताने-बाने का उत्सव है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इस दिन विवाहित स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु, सुखमय दांपत्य जीवन की कामना के लिए व्रत रखती हैं, शिव-गौरी की पूजा करती हैं। सुबह-सुबह घरों में मेहंदी की महक तैरने लगती है। पीली या जो जिसे पसंद हो उस रंग की साड़ी पहने महिलाएं गीत गुनगुनाती हैं। ढोलक की थाप पर सखियों के साथ 'भादो की रात अंधेरी, मोहे डर लागे' जैसे लोकगीत गाती हैं। फूलों की माला पिरोती बिन जल पीए, स्त्रियां शिव-पार्वती के प्रति श्रद्धा में लीन दिखती हैं। यह दृश्य न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान का है, पीढ़ियों से चली आ रही एक भावनात्मक सांस्कृतिक परंपरा का सजीव रूप भी है।



## आस्था और तपस्या का संगम

पुराने समय से हरतालिका तीज का उपवास कठोर अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। इस दिन विवाहित स्त्रियां सुबह स्नान के बाद बिना अन्न-जल ग्रहण किए, शिव-पार्वती की आराधना करती हैं, उनकी कथा सुनती हैं। यह केवल धार्मिक नियमों का पालन नहीं है, बल्कि स्त्री की आत्मशक्ति, धैर्य और त्याग का प्रतीक भी है। गांव-कस्बों में यह दिन सामूहिकता का अवसर होता है। महिलाएं इकट्ठा होकर तीज के गीत गाती हैं, लोककथाएं सुनती-सुनाती हैं। हरतालिका तीज व्रत एक ऐसा उत्सव है, जहां स्त्रियां अपने जीवन की कहानियां, पीड़ा और हंसी एक-दूसरे के साथ बांट पाती हैं। उपवास के इस स्वरूप में तपस्या, आस्था और स्त्री-संगति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।



## जीवनशैली और अनुष्ठानों का रूपांतरण

समय के साथ प्रकृति अपना रंग-रूप संवारती है। इसी के साथ मानव सभ्यता में भी बदलाव होते हैं। आधुनिक जीवनशैली ने हरतालिका तीज व्रत के स्वरूप को भी बदला है। आज बहुत-सी महिलाएं अस्वस्थ होने पर निर्जल व्रत के बजाय फलाहार खाती हैं, पानी पीती हैं। डॉक्टर की सलाह के अनुसार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखती हैं। कामकाजी महिलाएं, बच्चों की देखभाल और घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बीच यह व्रत पुराने समय की तुलना में आज हर तरह से सुगम तपस्या की तरह रखती हैं। आज जहां कथा-पाठ मंदिर या घर के आंगन में सामूहिक रूप से तो होते ही हैं, वहीं बहुत सी महिलाएं मोबाइल स्क्रीन पर ऑनलाइन सत्संग, व्हाट्सएप ग्रुप में साझा कथाएं और यू-ट्यूब पर उपलब्ध व्रत-गीत सुनती हैं। यह बदलाव केवल सुविधा का नहीं, बल्कि व्यस्त जीवन में आस्था को बचाने का एक जागरूक प्रयास है।

## वर्तमान समय में व्रत के हो गए हैं व्यापक मायने

आज के समय में हरतालिका तीज व्रत का अर्थ केवल पति की लंबी उम्र की कामना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह स्त्री की आत्म-प्रार्थना की ओर भी मुड़ा है। जहां व्रती स्त्री अपने स्वास्थ्य, आत्म-सम्मान, शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और मानसिक शांति के लिए भी प्रार्थना करती है। व्रत का असली सार 'संयम' है। संयम केवल भोजन या जल का त्याग ही नहीं होना चाहिए, हर प्रकार की नकारात्मकता और कटुता से दूर रहने वाला भी होना चाहिए। इस अवसर पर महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग करें, चाहे वह फलाहार बांटना हो, बच्चों की देखभाल में मदद करना हो या साथ बैठकर मन की बातें करना हो। सौहार्द्र में, खुशी में प्रार्थनाएं जल्दी फलदाई होती हैं।

### समाजशास्त्री डॉ. लीला दुबे का मत

**प्रसिद्ध समाजशास्त्री** डॉ. लीला दुबे, जिन्होंने भारतीय स्त्री-जीवन और लोकपरंपराओं पर गहरा शोध किया, अपनी पुस्तक 'वूमेन एंड किनशिप' (**Women and Kinship**) में लिखा है, 'स्त्री के पारंपरिक अनुष्ठान केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि उसकी सामाजिक पहचान और भावनात्मक सुरक्षा के सूत्र होते हैं।' डॉ. लीला के अनुसार, ऐसे अवसर स्त्रियों को अपना एक अदृश्य मंच देते हैं, जहां वे अपनी पीड़ा, आशा और अनुभव को सहज रूप से साझा करती हैं। हरतालिका तीज इस दृष्टि से स्त्रियों की सामूहिक स्मृति का हिस्सा है- जहां दोस्ती, दुख-सुख और जीवन की कहानियां एक-दूसरे में घुल-मिल जाती हैं।

## स्वास्थ्य का भी रखें ध्यान

डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ मानते हैं कि लंबे उपवास के दौरान शरीर को हाइड्रेटेड यानी अंदर की तरलता बनाए रखना, हल्का फलाहार लेना और पर्याप्त विश्राम करना जरूरी है। खासतौर पर उन महिलाओं के लिए जो मधुमेह, रक्तचाप या गर्भावस्था में हों। फलाहार में मौसमी फल, नारियल पानी, खजूर, भीगे बादाम और हल्की मिठास वाले प्रसाद शामिल किए जा सकते हैं। ताकि ऊर्जा भी बनी रहे और व्रत का संकल्प भी खुशी-खुशी पूरा हो सके। आस्था का अर्थ अपने शरीर को संतुलित और समर्थवान बनाए रखना भी है, जिससे व्रत के अगले दिन संपूर्ण ऊर्जा और फलित श्रद्धा फिर से जीवन में प्रवाहित हो सके।

## परंपरा और आत्मबल का संगम

हरतालिका तीज बदलते समय के साथ नया स्वरूप ले चुकी है, लेकिन भावना और उद्देश्य वही हैं। आज भी इस दिन की प्रतीक्षा लाखों स्त्रियां बड़े उत्साह से करती हैं, क्योंकि अब यह व्रत केवल तपस्या नहीं, बल्कि परंपरा, आत्मबल, सामाजिक संगति और भावनात्मक जुड़ाव का संगम भी है, जो परिवार नगरों में बस गए हैं, उनका अपनी भाषा, खान-पान, वेषभूषा आदि का समागम का पर्याय भी है। डॉ. लीला दुबे जैसे विचारकों की दृष्टि से देखें, तो यह व्रत स्त्री जीवन की स्मृति, पहचान और स्वप्न का उत्सव है। यह पर्व धार्मिक परंपरा से कहीं आगे जाकर स्त्री के भीतर के धैर्य, प्रेम और ऊर्जा को पुष्ट करता है। जिस तरह सावन की फुहारें सूखे पेड़ों को जीवन देती हैं, उसी तरह भाद्रपद की तीज स्त्री के मन को नया संबल देती है। हरतालिका तीज को रीति से निभाने के साथ-साथ हृदय से महसूस करना भी जरूरी है, ताकि यह केवल बीते कल की पारंपरिक विरासत न रह जाए, बल्कि आने वाले समय के लिए स्त्री-सशक्तिकरण का भी पर्व बने। यह इस पर्व का एक सुंदर रूप होगा। जहां शिव-पार्वती की कथा में छिपा प्रेम, स्त्री के अपने दांपत्य जीवन में भी आत्मविश्वास, सामंजस्य और संतुलन का दीपक जलाएगा। a

# हरतालिका तीजः अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व

हरतालिका तीज का पर्व पौराणिक काल से विवाहित महिलाएं करती आ रही हैं। इससे जुड़ी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं न केवल जीवंतता का प्रवाह करती हैं, अपने दांपत्य के रिश्ते को और भी प्रगाढ़ करने के लिए प्रेरित करती हैं। इससे जुड़ी परंपराओं और पूजन विधान के बारे में जानिए।

पर्व-आस्था
अनीता जैन



हरतालिका तीज उत्तर और मध्य भारत के प्रमुख व्रत-त्योहारों में से एक है, जो विशेष रूप से सुहागन महिलाओं और अविवाहित कन्याओं के लिए अत्यंत श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। यह हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है।

**व्रत-पूजन मुहूर्त:** इस वर्ष भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारंभ कल यानी 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट से हो चुका है। इस तिथि का समापन आज यानी 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, हरतालिका तीज का पर्व आज ही मनाना उचित है। यह व्रत न केवल वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सौभाग्य लाने के लिए किया जाता है, बल्कि इसे अटूट आस्था, त्याग और समर्पण का पर्व भी माना जाता है।



**जुड़ी हैं कई परंपराएं-मान्यताएं:** हरतालिका दो शब्दों से मिलकर बना है- 'हर' का अर्थ है हरण करना और 'तालिका' का अर्थ है सखी। मान्यता है कि पार्वती जी की सखी उन्हें पिता के घर से हरण करके जंगल में ले गई थी। इसीलिए इस पूजन को हरतालिका कहते हैं। हरतालिका तीज पर्व का संबंध भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन से भी है। इसलिए इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दिन महिलाएं पारंपरिक लोकगीत गाते हुए, झूला झूलती हैं, श्रंगार करती हैं और विधिवत पूजा-पाठ के माध्यम से इस पावन पर्व को मनाती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से विवाहित जीवन में सुख-समृद्धि आती है और अविवाहित कन्याओं को मनचाहा वर प्राप्त होता है।

**व्रत का आध्यात्मिक महत्व:** इस तीज पर विवाहित स्त्रियां व्रत रख कर भगवान शिव-पार्वती का पूजन-अर्चन कर अपने सुखद दांप्तय जीवन एवं परिवार की खुशियों के लिए मंगल कामना करती हैं। इस व्रत को निर्जल रहकर किया जाता है और रात में भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित गीतों पर नाचते-गाते हैं।

हरतालिका तीज का उपवास अविवाहित कन्याएं मनचाहा जीवन साथी पाने के लिए भी करती हैं। रिश्तों के लगाव का यह पारंपरिक पर्व जीवन को नए उमंग-उल्लास और प्रेम के रंग में रंग देता है।

**पूजन विधि:** महिलाएं सुबह संकल्प लेकर हरतालिका तीज का व्रत आरंभ करें। इस दिन महिलाओं को स्नान के बाद नए शुभ रंगों के परिधान पहनने चाहिए।

उसके बाद अपने हाथों पर मेहंदी रचानी चाहिए और संपूर्ण श्रंगार करें। प्रकृति और प्रेम के भाव से जुड़े इस पर्व पर शुद्ध मिट्टी से शिव-पार्वती और श्री गणेश की प्रतीकात्मक प्रतिमाएं बनाकर उनकी पूजा करने का भी विधान है। रोली, अक्षत, पुष्प, बेलपत्र, नारियल, दूर्वा, मिठाई आदि से उनका भक्ति भाव से पूजन करें। साथ ही कामना करें कि हमारा जीवन भी शिव-गौरी की तरह आपसी प्रेम से सदैव बंधा रहे। माना जाता हैं कि मां पार्वती और भगवान शिव के प्रति संपूर्ण श्रद्धा से यह व्रत करने पर सौभाग्य की प्राप्ति होती है। a

# हाथों पर रचें प्यारी-प्यारी मेहंदी

हरतालिका तीज के मौके पर अच्छी ड्रेस और मेकअप के बावजूद आपका श्रंगार मेहंदी के बिना अधूरा लगता है। इसीलिए हम आपको यहां बता रहे हैं कुछ अट्रैक्टिव मेहंदी डिजाइन के बारे में, जिसे आप अपने हाथों पर रचवा सकती हैं।


श्रंगार
श्रुति आयंगर

हरतालिका तीज जैसे पर्व पर महिलाएं अपने हाथों पर मेहंदी जरूर लगाती हैं। इससे खूबसूरती तो बढ़ती ही है, इसे शुभ भी माना जाता है। आप भी मेहंदी के मनचाहे डिजाइंस बना सकती हैं।

**बेल ट्रेडिशनल डिजाइन:** हरतालिका तीज जैसे पारंपरिक फेस्टिवल के लिए बेल पैटर्न वाली मेहंदी डिजाइन सबसे प्यारी और एलिगेंट मानी जाती है। इसमें हथेली से लेकर अंगुलियों तक चढ़ती हुई पतली-पतली बेलें बनती हैं, जिनमें फूल, पत्तियां, डोट्स और जालियां बेहद खूबसूरत तरीके से उकेरी जाती हैं। यह डिजाइन सादगी में भी खास दिखती है।



**गोल मंडला फ्लोरल डिजाइन:** अगर आप सिमिट्री और सिंपलीसिटी पसंद करती हैं तो गोल मंडला फ्लोरल मेहंदी डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहेगा। तीज के मौके पर यह मेहंदी डिजाइन बेहद पसंद की जाती है। इस डिजाइन में हथेली के बीच में एक गोल आकार (मंडला) बनाया जाता है और इसके अंदर और बाहर प्यारे फूलों के पैटर्न, पेटल्स और छोटे-छोटे डिजाइन बनाए जाते हैं। मंडला के चारों ओर सुंदर लाइनें होती हैं, जो मिलकर एक खूबसूरत सा पैटर्न बनाती हैं। यह डिजाइन बहुत आकर्षक लगता है और हाथों को क्लासी लुक देता है।



**राजस्थानी डिजाइन:** राजस्थानी मेहंदी डिजाइन एक विजुअल कहानी की तरह होती है। इसमें हाथों पर बड़े-बड़े और गहरे डिजाइन बनाए जाते हैं, जिनमें दूल्हा-दुल्हन, पालकी, मोर, हाथी, घोड़ा और ऐसे ही अन्य ट्रेडिशनल पैटर्न बनाए जाते हैं। ये डिजाइन पूरी हथेली से लेकर कभी-कभी बाजू तक भी सजाए जाते हैं, जो आपके हाथों को रॉयल लुक देते हैं। तीज के मौके पर यह मेहंदी डिजाइन लगाने से आपका लुक पारंपरिक और शानदार बन जाता है।

**शिव-पार्वती के चित्र:** अगर आप हरतालिका तीज पर डिवोशनल अंदाज में सेलिब्रेट करना चाहती हैं तो शिव-पार्वती के चित्र वाली मेहंदी डिजाइन सबसे परफेक्ट मानी जाती है। यह इन दिनों काफी ट्रेंड में भी है। इसमें भगवान शिव और माता पार्वती की आकृति, त्रिशूल, डमरू और ॐ जैसे डिवाइन सिंबल को आर्टफुली तरीके से बनाया जाता है। यह डिजाइन देखने में बहुत ही खूबसूरत लगते हैं। a



**(मेहंदी आर्टिस्ट नीतू कुमारी से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे बनेगा दांपत्य जीवन सुखद

दांपत्य जीवन को खुशहाल और सुखमय बनाना बहुत मुश्किल नहीं है। इसके लिए बस पति-पत्नी दोनों को पूरे भरोसे, ईमानदारी और समर्पण के साथ कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इनके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

काम की बात
रेखा श्रीवास्तव

हजारों वर्षों से दांपत्य के रिश्ते को अपने देश की सामाजिक और पारिवारिक संरचना का आधार माना जाता रहा है। यही वजह है कि पौराणिक कथाओं में भी आदर्श दांपत्य रिश्तों के कई उदाहरण मिलते हैं। इसे प्रगाढ़ बनाने और इसमें मधुरता के लिए ही हमारी पर्व-संस्कृति में कुछ व्रत और पर्व भी दांपत्य से जोड़कर आरंभ किए गए हैं। इनके पीछे का मूल उद्देश्य यही है कि पति-पत्नी के मध्य प्रेम, सम्मान और सामंजस्य का भाव प्रगाढ़ बना रहे। दरअसल, समय में बदलाव, जीवनचर्या में तकनीकी दखल, बढ़ती जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र के विस्तार से दांपत्य जीवन में सामंजस्य बैठाना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यहां बताई जा रही बातों पर गौर करना प्रभावी हो सकता है।

**बनाए रखें सामंजस्य:** पति-पत्नी के बीच हर मुद्दे पर सामंजस्य होना जरूरी है। इसमें पारिवारिक रिश्ते निभाना, घर की आर्थिक स्थिति में संतुलन, बच्चों के करियर संवारने से लेकर उनके प्रति जिम्मेदारी भी आती है। दोनों के माता-पिता और भाई-बहनों के प्रति स्नेह और आदर भाव बनाए रखना भी इसमें शामिल होता है।



**निजता का सम्मान:** एक-दूसरे की निजता का पूरा सम्मान करना चाहिए। वैसे तो कोई ऐसी बात होनी ही नहीं चाहिए कि एक-दूसरे से छिपाकर रखी जाए। दांपत्य के रिश्ते में विश्वास एक बहुत जरूरी और गहरी भावना होती है, जिससे परे किसी भी बात या आक्षेप पर विश्वास नहीं करना चाहिए। एक-दूसरे के मोबाइल को खोलकर उसकी कॉल हिस्ट्री या मैसेज चेक करना और फिर उस आधार पर अविश्वास, निजता का उल्लंघन ही है।

**प्रेमाभिव्यक्ति:** दांपत्य की इमारत तो प्रेम और विश्वास की नींव पर ही टिकी होती है। इसलिए जीवन कितना ही व्यस्त क्यों न हो, आपस में प्रेम की अभिव्यक्ति इस रिश्ते को बांधे रखने में उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी कि किसी पौधे के बेहतर विकास और हरियाली के लिए खाद-पानी।

**व्यवसाय में सहयोग:** जरूरी नहीं कि पति-पत्नी दोनों के ही कार्य स्वरूप में हमेशा एकरूपता हो। अगर आप दोनों अलग-अलग व्यवसाय से जुड़े हैं तो भी अगर किसी के कार्य में सहयोग संभव है तो अवश्य ही करना चाहिए। पति अगर बिजनेस करते हैं और पत्नी कंप्यूटर वर्क में एक्सपर्ट है तो जब-जब पति को जरूरत पड़े पत्नी उनके एकाउंट्स, सेल-पर्चेज के डिटेल को अच्छे से मैनेज कर सकती है।

**आपसी समझदारी:** प्रगाढ़ दांपत्य के लिए आपसी समझदारी होना भी जरूरी है। ऐसा होने पर बड़ी से बड़ी मुसीबत आने पर दोनों मिलकर उसे सुलझा ही लेते हैं। जिम्मेदारी पड़ने पर मिलकर निभा लेते हैं। अगर पति-पत्नी दोनों वर्किंग हैं तो घर के सारे काम दोनों को मिलकर ही निपटाने चाहिए। सुबह अगर पत्नी नाश्ता बना रही है तो पति दोनों के और बच्चों के लंच पैक कर सकते हैं। इससे पत्नी को मदद मिलेगी, उसे अच्छा भी लगेगा। एक-दूसरे की अपेक्षाओं को समझ कर चलेंगे तो सुखमय जीवन व्यतीत होगा।




**करते रहें प्रेरित:** बात चाहे व्यावसायिक प्रगति की हो या फिर सामाजिक, पति-पत्नी को एक-दूसरे को नया करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित ही नहीं करना चाहिए बल्कि सहयोग भी देना चाहिए। इससे दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति प्यार और सम्मान बढ़ेगा।

**एक-दूसरे को समय देना:** पति-पत्नी दोनों ही अलग-अलग जॉब में होते है तो दोनों को सुनियोजित कार्यक्रम बना कर निजी जीवन के कुछ दिन इन सबसे दूर एक-दूसरे के साथ बिताने का समय जरूर रखना चाहिए। इससे रिश्ते में नई ऊर्जा का संचार होता है। a



## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर।** हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।


### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है।



### डब्ल्यूएफआई ने नेहा को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** अधिक वजन के कारण हाल ही में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 'लगातार वजन प्रबंधन संबंधी समस्याओं' के कारण सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा की नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन उनका वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था। आयोजकों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और भारत उस भार वर्ग में प्रतिनिधित्व नहीं कर सका। भारत की महिला टीम ने सात पदक जीते और जापान के बाद उपविजेता रही।



### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था। पिछले सत्र की तरह तोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

# सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



**भारतीय टीम** - **गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडर**: राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डर**: निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। फारवर्ड: इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। मुख्य कोच: खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

**बेंगलुरु।** भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।


### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।






### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी



चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।

**राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप**

## एक साल बाद मीराबाई की वापसी गोल्ड जीत बनाया नया रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

### पहले प्रयास में लड़खड़ाई

31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मी रा बा ई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं। उनके दाहिने घुटने में तकलीफ दिखाई दी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने उतना ही वजन उठाया। 89 किग्रा का उनका तीसरा प्रयास भी असफल रहा। कोई वास्तविक प्रतिस्पर्धा न होने के कारण मीराबाई असल में खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की। उन्होंने इसे बढ़ाकर 109 किग्रा कर लिया, लेकिन 113 किग्रा का अपना अंतिम प्रयास पूरा नहीं कर सकीं।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : चौथे स्थान पर मनु, जूनियर वर्ग का दबदबा

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट

दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई नि शा ने बा जी चैंपियनशिप में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा।



भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया।

### भारतीय तिकड़ी ने कांस्य पदक किया अपने नाम

कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारुइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वे चीन और दक्षिण कोरिया से पीछे रहे। ईशा क्वालीफिकेशन में शीर्ष रही थी जबकि मनु चौथे स्थान पर रही थी।



### महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

# ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है।



### दूसरे विकल्प की तलाश में प्रक्रिया जारी

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

### ड्रीम 11 ने खरीदा था 358 करोड़ रुपए में टाइटल

भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है। ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे थे । उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है लेकिन इसके लिए उन्हें कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा,'बीसीसीआई अपने प्रायोजक ही परेशानी को पूरी तरह समझता है। यह उनकी गलती नहीं है और भुगतान में चूक के अन्य मामलों की तरह ड्रीम11 पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

**बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स**

## अहलावत के आखिरी में 3 बर्डी



एजेंसी ▶▶| सुटोन कोल्डफील्ड

भारत के वीर अहलावत आखिरी दौर में दो ओवर 74 के खराब स्कोर के साथ बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 54वें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके थे । पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रहे अहलावत ने एक ओवर से 73-71-71-74 स्कोर किया। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। एलेक्स नोरेन ने सात साल बाद अपना 11वां डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

**सीपीकेसी ओपन**

## अदिति संयुक्त 36वें स्थान पर



एजेंसी ▶▶| मिसिसॉगा (कनाडा)

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक सीपीकेसी महिला ओपन में चार दिन में तीसरी बार इवन पार 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रही । कनाडा की ब्रूक हेंडरसन ने आस्ट्रेलिया की मिंजी ली को एक स्ट्रोक से हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उनका चार अंडर 68 और कुल स्कोर 15 अंडर 269 रहा । जापान की माओ साइगो तीसरे स्थान पर रही।

**हिल्स ओपन**

## प्रणवी के दो अंडर 69 स्कोर

एजेंसी ▶▶| गोटेनबर्ग (स्वीडन)

आखिरी दौर में डबल बोगी करने से भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स की शीर्ष 15 में रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया और वह हिल्स ओपन में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। चोट के बाद वापसी कर रही प्रणवी ने दो अंडर 69 स्कोर किया। भारत की हिताषी बख्शी संयुक्त 41वें स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह संयुक्त 47वें स्थान पर रही। भारत की त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, अवनि प्रशांत और वाणी कपूर कट में प्रवेश नहीं कर सकी थी। स्वीडन की अमैच्योर मेजा ओर्टेंग्रेन ने अपने देश में पहला लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीता।



**सिनक्यूफील्ड कप**

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा, दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला।






## याचिकाकर्ता के खिलाफ निकाली गई 29 लाख 70 हजार रुपए की रिकवरी

# पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाई 50 हजार रुपए कॉस्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि अनुशासनात्मक अधिकारी ने गलत तरीके से सेवानिवृत्त अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कराई है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता के खिलाफ निकाली गई 29 लाख 70 हजार रुपए की रिकवरी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को भी उचित करार दिया और याचिकाकर्ता की पेंशन से की गई रिकवरी की राशि 6 फीसदी ब्याज के साथ लौटाने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता के खिलाफ पूर्व नियोजित इरादे व पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर 50 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई। कोर्ट ने सरकार को यह राशि 45 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को भुगतान करने के निर्देश दिए।

भोपाल निवासी भैयालाल सिंह की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि वह मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुआ। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1999 में सुरेन्द्र सिंह राजपूत को गलत अनुकंपा नियुक्ति दी थी, इसलिए उनके खिलाफ 29



लाख 70 हजार रुपए की रिकवरी निकाल दी गई। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने कलेक्टर के आदेश पर उक्त कार्रवाई की और अनुकंपा नियुक्ति का मामला सरकार को भेजा। याचिकाकर्ता ने स्पष्ट रूप से प्रस्ताव में लिखा था कि सुरेन्द्र राजपूत मृतक का पुत्र नहीं है, वरन भतीजा है। जब सरकार ने आगे कार्रवाई करने कहा तो प्रसिडेंट-इन-काउंसिल के समक्ष मामला रखा गया और अनुकंपा नियुक्ति को स्वीकृति दी गई। गलत अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत पर आयुक्त नगरीय प्रशासन ने जांच अधिकारी पर दबाव बनाकर याचिकाकर्ता को दोषी ठहराया और रिकवरी की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने कहा कि आयुक्त ने अनुचित तरीके से याचिकाकर्ता पर कार्रवाई कराई है, जोकि

## प्रमुख सचिव व आयुक्त लोक शिक्षण को अवमानना नोटिस

मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश के बावजूद निजी स्कूल को मान्यता न दिए जाने के मामले में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शर्मा व आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने चार सप्ताह का समय दिया। अवमानना याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी देव सिंह मरावी की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अवमानना याचिकाकर्ता लंबे समय से दूरबन धीरज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमनी का डिंडौरी में संचालन करता आ रहा है। स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के आवेदन को लंबित रखा गया है। संचालन में कुछ कमियां निकालकर बिना किसी युक्तियुक्त कारण के स्कूल संचालन पर रोक लगा दी गई है। यह स्कूल आदिवासी विकास समिति, देवरा बबलिया, मंडला द्वारा संचालित है। पूर्व में मान्यता का निरंतर नवीनीकरण हो रहा था। क्षेत्र में नौवीं से बाहरवीं तक इस स्कूल के अलावा कोई स्कूल नहीं है। इसलिए अडंगा लगाए जाने से आदिवासी वर्ग के बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। इसीलिए पूर्व में हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। जिस पर राहत मिलने के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

## 222 वारंट तामील किए गए

# कांबिंग गश्त में की गई फरार बदमाशों की तलाश

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर रविवार को दोपहर 12 बजे से देर रात 12 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान वर्षों से फरार 222 वारंटियों को वारंट तामील कराए गये.पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने बताया की काम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।टीमों के द्वारा दबिश देते हुए काम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 104 गैर म्यादी वारिटयों एवं 96 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 22



जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर 41 लीटर कच्ची तथा 70 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गयी है।

# शराब पीने के लिये रूपए नहीं देने पर युवक के साथ माता पिता से मारपीट

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत चमननगर स्टार सिटी में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर डंडे से हमला कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए युवक के पिता व बड़ी मां के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चमननगर स्टार सिटी निवासी 19 वर्षीय कन्हैया उर्फ प्रवीण पटेल गत रात लगभग 8.30 बजे मोहल्ले के दोस्त प्रिंस झारिया के घर काम से गया था, जहां पर प्रिंस नहीं मिला तो वह अपने घर वापस आने लगा, तभी रास्ते में अक्कू उर्फ आकाश, शनि सेन एवं अंकित केवट उर्फ छुट्टू मिले और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर अंकित केवट उर्फ छुट्टू एवं आकाश ने डंडा से सिर, माथा व हाथ में चोटें पहुँचा दी वहीं शनि सेन ने मारपीट कर दी। उसके पिता प्रभु केवट एवं बडी मां आरती पटेल ने बीच बचाव किया तो अक्कू उर्फ आकाश एवं अंकित केवट ने पिता पर डंडे से हमला कर दिया और शनि सेन ने बड़ी मां आरती पटेल के मारपीट कर कलाई में चोट पहुंचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध

## झगड़े में हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने मामूली झगड़े पर हत्या कर देने के आरोपित जबलपुर निवासी प्रेमचंद साकेत का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।साथ ही सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने 22 दिसंबर, 2022 को सुनील पटेल की हत्या कर दी थी। मृतक डेरी में भैंस लगाने आया था। जब काफी देर तक घर नहीं लौटा तो स्वजन परेशान हो गए। डेरी में जाकर देखा कि वह मृत पड़ा है। आरोपित ने उससे झगड़ा करने के बाद मौत के घाट उतार दिया था। लिहाजा, बरगी पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

# 40 मीटर ऊँचाई, गहरी खाई और 90 मीटर मंकी क्रॉलिंग

## इंटरस्टेट ट्रांसमिशन लाइन पर साहसिक कार्य करने वाले प्रफुल्ल घाटोड हुए सम्मानित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ( एमपी ट्रांसको) के प्रफुल्ल घाटोड ने अदम्य साहस और असाधारण हिम्मत का परिचय देकर इतिहास रच दिया । 40 मीटर ऊँचाई और सैकड़ों फीट गहरी खाई के बीच स्थित मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र की अति महत्वपूर्ण इंटरस्टेट ट्रांसमिशन लाइन पर उन्होंने मंकी क्रॉलिंग तकनीक से 90 मीटर की दूरी तय कर कठिन सुधार कार्य को अंजाम दिया। उनकी इस उपलब्धि से दोनों राज्यों के बीच पावर ट्रांसमिशन सिस्टम अल्प समय में पुनः सुचारु हो सका।उनके इस अति विशिष्ट कार्य के लिए उन्हें जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर हुए समारोह में पुरस्कृत किया गया।

आमतौर पर ट्रांसमिशन लाइनों पर बेल्ट के सहारे सीमित दूरी ही तय की जाती है, लेकिन ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस छिंदवाड़ा में पदस्थ कार्मिक न प्रफुल्ल घाटोड द्वारा 90 मीटर की दूरी तय कर फाल्ट सुधारना एक दुर्लभ और मिसाल



कायम करने वाला कार्य है।

उल्लेखनीय है कि मई माह में 220 केवी की इस लाइन पर पांढुरना जिले के ग्राम बढ़चिचोली के पास आकाशीय बिजली गिरने से इंटरस्टेट पावर सप्लाई बाधित हो गई थी। जिस टावर पर फॉल्ट आया, वह अत्यंत दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्र में स्थित था। खाई, ऊँचाई और विपरीत मौसम और अंधकार के कारण वहाँ तक पहुँचना बेहद कठिन था। ऐसे में स्वयं आगे बढ़कर घाटोड ने रात्रि काल में ही इस कठिन चुनौतीपूर्ण कार्य को सटीकता और उत्कृष्टता से पूरा किया।

**ऊर्जा मंत्री की सराहना**–ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए कहा –"प्रफुल्ल घाटोड जैसे कार्मिक पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी वे ट्रांसमिशन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिस प्रकार का साहस दिखाते हैं, वह वाकई काबिले-तारीफ है।"

**ट्रांसको मुख्यालय जबलपुर में सम्मानित**- उनके इस अद्भुत कार्य के लिए एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने जबलपुर में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मानित किया।

## निस्तार के दौरान तलैया में डूबने से वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत ग्राम नटवारा तालाब तलैया मकान के पीछे निस्तार करने गई एक वृद्ध महिला की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नटवारा निवासी 95 वर्षीय रेवती बाई चक्रवर्ती सोमवार की सुबह करीब 5-6 बजे नटवारा तालाब तलैया मकान के पीछे निस्तार करने गई थी। जहां तालाब के पानी में डूबने के कारण रेवती बाई की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## आत्महत्या की आशंका

# रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी का शव हनुमानताल में मिला

**जबलपुर।**

हनुमानताल थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने तालाब में एक व्यक्ति का शव उतराते हुए देखा। तत्काल सूचना मिलने पर हनुमानताल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की शिनाख्त एसके वर्मा (68) के रूप में हुई है, जो रेलवे से रिटायर्ड थे और रेलवे मजदूर संघ के पूर्व सचिव भी रह चुके थे।

पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि एसके वर्मा काफी समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। परिवारजनों ने बताया कि उन्होंने शहर के कई अस्पतालों के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञ डॉक्टरों से भी इलाज कराया था, लेकिन स्वास्थ्य में कोई खास सुधार नहीं हुआ। लगातार बढ़ती शारीरिक पीड़ा और इलाज से राहत न मिलने के कारण वे मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगे थे।पुलिस को फिलहाल किसी तरह के संघर्ष या हिंसा के निशान नहीं मिले हैं। प्राथमिक अनुमान यह है कि एसके वर्मा ने मानसिक तनाव और बीमारी से परेशान होकर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस अन्य संभावनाओं को भी खंगाल रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके।

### इलाके में शोक की लहर

एसके वर्मा रेलवे विभाग में रिजर्वेशन सुपरवाइजर पद पर कार्यरत थे और कुछ वर्ष पूर्व ही सेवा से निवृत्त हुए थे। अपने कार्यकाल में वे कर्मचारी हितों के लिए सक्रिय रूप से काम करते रहे थे और रेलवे मजदूर संघ के सचिव पद पर भी रह चुके थे। उनके निधन की खबर सुनते ही रेलवे कॉलोनी और उनके पुराने सहयोगियों में शोक की लहर दौड़ गई। कई वरिष्ठ कर्मचारियों और पड़ोसियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### पुलिस कर रही है विस्तृत जांच

हनुमानताल थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना कैसे घटी। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या की पुख्ता वजहें सामने लाई जा सकें। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।







# सूने घर का ताला तोड़कर जेवर चोरी

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत बरगी बस्ती में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मेडीकल के पीछे बरगी बस्ती निवासी 70 वर्षीय कल्लू लाल जैन ने बरगी पुलिस ने लिखित शिकायत की है कि गत रविवार को वह इलाज कराने के लिए नागपुर के लिए निकला था, रास्ते में उसके भतीजे संदीप जैन ने उसे फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह घर पहुंचा तो देखा आलमारी में रखे चांदी के 1 जोड़ी बखोर, छलवल 1 जोडी,



पायल 4 जोडी, बिछिया 1 जोड़ी, चैन 1, चूड़ी 4 , सोने का मंगल सूत्र 1, अंगूठी 1 तथा नगद 15 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने लिखित शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## वाहनों में घरेलू गैस से रिफलिंग करते सेंटर पर छापा

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत लिंक रोड़ शराब ढुकान के आगे नाले किनारे चौधरी पोल्ट्री फार्म के पास अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेण्डर की रिफलिंग कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घरेलू गैस सिलेण्डर, रेग्युलेटर, कनेक्टर तथा ईको कार जप्त की है।मदनमहल थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर लिंक रोड शराब ढुकान के आगे नाले किनारे चौधरी पोल्ट्री फार्म के पास घरेलू गैस सिलेण्डर से ईको कार क्रमांक एमपी 20 जेड बी 1449 में गैस भर रहे आमनपुर न्यूरामनगर मदनमहल निवासी 34 वर्षीय गोविंद सतवासे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एचपी कम्पनी का गैस सिलेण्डर, एक रेग्युलेटर, एक प्लास्टिक का पाईप जिसमें कनेक्टर लगा हुआ तथा ईको कार जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240